अषाढ़ मास, शुक्ल पक्ष 20 वर्ष, अंक 227 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित

www.akhandbharatsandesh.net

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 11 अगस्त 2021 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

स्थायी सुख, शान्ति व निर्भय वातावरण के लिए "क्रियायोग अभ्यास करें" सत्य की अनुभूति में सभी प्रकार के क्लेश हमेशा के लिए दूर हो जाते हैं। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने सिद्ध कर दिया है कि क्रियायोग के द्वारा हम सत्य से जुड़ जाते हैं। ज्ञान, शक्ति, शान्ति, आनन्द, नाम-यश, धन आदि के लिए मनुष्य को दर-दर भटकना पड़ता है, और प्राप्त न होने पर मनुष्य में हिंसक प्रवृत्ति प्रकट होती है। क्रियायोग में भक्ति दृढ़ होने पर ज्ञान, शक्ति, शान्ति,आनन्द, धन आदि सब कुछ स्वयं मनुष्य के पास आ जाते हैं।

क्रियायोग प्राचीनतम् एवं नित्य नवीन पूर्ण विज्ञान है। ईश्वरीय नियमों के अनुसार कलिकाल में क्रियायोग का ज्ञान विलुप्त हो गया। आरोही द्वापर युग के आते ही मृत्युंजय अमर गुरु श्री महावतार बाबा जी द्वारा क्रियायोग को पुनर्जीवित कर पुनः परिष्कृत किया गया। उन्नीसवीं शताब्दी में महावतार बाबाजी ने क्रियायोग को लाहिड़ी महाशय जी के माध्यम से मानवजाति को दिया। क्रियायोग ही सनातन धर्म में वर्णित यज्ञ है। क्रियायोग ही वेदपाठ है। क्रियायोग अभ्यास से मनुष्य को अपने वास्तविक स्वरूप "अहंब्रह्मास्मि" की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

स्वामी श्री योगी सत्यम्

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## लोकसभा से पारित हुआ ओबीसी आरक्षण बिल

### राज्य तैयार कर सकेंगे जातियों की सूची, अब राज्यसभा में होगा पेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राज्य सरकारों को ओबीसी आरक्षण के लिए जातियों की सूची तैयार करने का अधिकार देने वाले बिल पर लोकसभा ने मुहर लगा दी है। लोकसभा ने इस विधेयक को 386 मतों से पारित किया है, वहीं इसके खिलाफ कोई मतदान नहीं पड़ा। संविधान में 127वें संशोधन के लिए लाए गए विधेयक के तहत राज्यों को अपने मुताबिक ओबीसी आरक्षण के लिए सूची तैयार करने की ताकत मिलेगी। अब इस बिल को राज्यसभा में मंजूरी के लिए पेश किया जाएगा। उसके बाद राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद यह देश भर में कानून के तौर पर लागू हो जाएगा। इस नए कानून से महाराष्ट्र समेत कई राज्यों को स्थानीय स्तर पर जातियों को



ओबीसी आरक्षण की सूची में शामिल करने का मौका मिलेगा। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट की ओर से मराठा आरक्षण पर रोक लगा दी गई थी। इसके बाद यह फैसला लिया गया है।

इस बिल पर बहस के दौरान कांग्रेस समेत कई दलों ने केंद्र सरकार से जाति आधारित जनगणना कराए जाने की भी मांग की है। इसके अलावा आरक्षण की सीमा को भी 50 फीसदी से ज्यादा किए जाने की मांग की है। समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव, कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी और एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी समेत कई नेताओं ने यह मांग की है। अखिलेश यादव ने कहा कि यह समय की मांग है कि जाति आधारित जनगणना कराई जाए। यदि ऐसा आप नहीं कराते हैं तो फिर यूपी में समाजवादी सरकार बनाने के बाद हम ऐसा करेंगे। यही नहीं बीजेपी को केंद्र और बिहार में समर्थन दे रही जेडीयू ने भी जातिवार जनगणना की मांग की है। संसद में जेडीयू के सांसद राजीव रंजन सिंह ने यह मांग दोहराई। इससे पहले जेडीयू के मुखिया और बिहार के सीएम नीतीश कुमार भी कई बार ऐसी मांग कर चुके हैं।

## अखिलेश यादव ने भी की आरक्षण की 50 फीसदी सीमा हटाने की मांग, दिया- पिछड़े पावें सौ में 60 का नारा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओबीसी आरक्षण सूची तैयार करने का अधिकार राज्यों को देने वाले बिल पर बहस के दौरान यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने जातिगत जनगणना कराने की मांग की। इसके अलावा उन्होंने कहा आरक्षण की 50 फीसदी सीमा को भी खत्म करने की मांग की। उन्होंने उत्तर प्रदेश से आने वाले बीजेपी नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि आप लोग भी मानते होंगे कि आरक्षण की सीमा को बढ़ाया जाना चाहिए। लेकिन शायद मंत्री पद मिलने के चलते ऐसा न कहें। लेकिन पिछड़ों का विकास एक या दो लोगों को मंत्री पद मिलने से नहीं होता है बल्कि सभी को रोजगार के अवसर मिलने से होता है।अखिलेश यादव ने कहा कि यदि यह सरकार जातिगत आधार पर जनगणना नहीं कराती है तो फिर यूपी में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर हम ऐसा कराएंगे। उन्होंने कहा कि बीजेपी उत्तर प्रदेश में लोगों को भ्रमित करने का काम करती रही है। अखिलेश ने कहा, 'इनकी सरकार को पिछड़ों ने ही बनाया था।अखिलेश यादव ने कहा कि यह हमारे समाज की सच्चाई है कि जाति की सीमा में रहकर ही हम काम करते हैं। हमारी मांग है कि सामाजिक न्याय के लिए आरक्षण की 50 फीसदी की सीमा को खत्म किया जाना चाहिए।

## केरल में फिर मिले 20 हजार से ज्यादा कोरोना केस, पॉजिटिविटी 16 फीसदी के करीब

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केरल में मंगलवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 21,119 नये मामले सामने आये। जिसके बाद प्रदेश में संक्रमितों की संख्या बढ़ कर 35,86,693 हो गयी। प्रदेश में संक्रमण दर 16 फीसदी के करीब पहुंच गयी है । प्रदेश सरकार की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गयी है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि पिछले एक दिन में महामारी से 152 लोगों की मौत हो गयी है, जिसके साथ ही प्रदेश में मरने वालों की संख्या बढ़ कर 18004 हो गयी है । इसमें कहा गया है कि प्रदेश में सोमवार से अब तक 18493 लोग संक्रमण मुक्त हुये हैं, जिसके बाद राज्य में कोविड-19 से ठीक होने



वाले लोगों की संख्या बढ़ कर 33,96,184 हो गयी है ।सरकारी बयान में कहा गया है कि प्रदेश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या 1,71,985 हो गयी है। इसके अनुसार प्रदेश के कुछ प्रभावित जिलों में मालप्पुरम में 3603, एर्णाकुलम में 2539, कोझीकोड में 2335, त्रिशूर में 2231, पालक्काड में 1841, कोल्लम में 1637, कोट्टायम में 1245, अलप्पुझा में 1230, कन्नूर में 1091 एवं तिरुवनंतपुरम में 1040 नए मामले आए हैं। बताया जा रहा है कि केरल और पूर्वोत्?तर में देश में कोरोना के केस बढ़ने और पॉजिटिविटी की दर 10 से अधिक पाई गई।

## बीजेपी को रोकने के लिए तीसरे मोर्चे के गठन की कोशिशें फिर तेज, कपिल सिब्बल के घर पर जुटा विपक्ष

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव से पहले तीसरे मोर्चे के गठन कोशिश तेज हो गई हैं। इंडियन नेशनल लोकदल के अध्यक्ष ओम प्रकाश चौटाला ने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौडा और समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मुलायम सिंह यादव से मुलाकात की है।

इन मुलाकातों को तीसरे मोर्चे की गठन की कोशिशों के तौर पर देखा जा रहा है। ओम प्रकाश चौटाला तीसरे मोर्चे के गठन की पैरवी कर चुके हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस माह की शुरुआत में गुरुग्राम जाकर चौटाला से मुलाकात की थी। इसके बाद समाजवादी पार्टी के नेताओं की मुलाकात का सिलसिला तेज



हो गया है। राजद सुप्रीमों लालू प्रसाद यादव भी मुलायम सिंह यादव और शरद यादव से मिले हैं।चौटाला ने सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौडा और मुलायम सिंह यादव से मुलाकात की है। इनलो के एक नेता के मुताबिक, मुलाकात के दौरान किसान आंदोलन के साथ अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई है। देश में राजनीतिक विकल्प देने पर भी चर्चा हुई। उनके मुताबिक, दोनों नेताओं ने तीसरे मोर्चे के गठन में हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया है। इनलो प्रमुख पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से भी जल्द मुलाकात कर सकते हैं। दरअसल, चौटाला इन नेताओं को 25 सितंबर को स्वर्गीय ताऊ देवीलाल के जन्मदिन पर होने वाले सम्मान समारोह में आमंत्रित कर रहे हैं। इनलो का कहना है कि ताऊ के जन्मदिन से पहले चौटाला सभी विपक्षी पार्टियों से संपर्क कर उन्हें न्योता देंगे।कार्यक्रम में आमंत्रित करने के साथ विपक्षी नेताओं का तीसरे मोर्चे के गठन को लेकर मन भी टटोलेंगे। विपक्षी पार्टियों के बीच तीसरे मोर्चे को लेकर सहमति बनती है, तो भाजपा सरकार को शिकस्त देने के लिए ताऊ के जन्मदिन पर होने वाले कार्यक्रम में सभी विपक्षी नेताओं की मौजूदगी में तीसरे मोर्चे के गठन का ऐलान किया जा सकता है।

## यमुना-बेतवा की बाढ़ रोकने को बनेगी योजना, सीएम योगी ने सिंचाई विभाग को दिये निर्देश

**हमीरपुर उरई (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को हमीरपुर और उरई के बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण कर बाढ़ से घिरे गांवों की स्थिति देखी। उन्होंने हमीरपुर में सिंचाई विभाग को यमुना-बेतवा में हर 2-3 सालों में आने वाली बाढ़ से निजात के लिए योजना बनाकर भेजने का आदेश दिया। सीएम ने बताया कि दोनों जिलों में 204 गांव बाढ़ की चपेट में आए हैं। सोमवार को इटावा-औरैया के बाद सीएम योगी ने हमीरपुर और उरई के बाढ़ग्रस्त इलाके देखने के बाद प्रभावित लोगों को राहत सामग्री वितरित की। अफसरों संग बैठक कर उन्होंने युद्ध स्तर पर राहत कार्य के आदेश दिए और हिदायत दी कि बाढ़ में कोई जनहानि न होने पाए। सीएम ने बताया कि हमीरपुर के 90 और उरई के 114



गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं, सभी जगह समय पर राहत पहुंचाई गई है और उनकी सुरक्षा के प्रबंध किए गए हैं।सीएम ने खासकर युवाओं को हिदायत की कि बाढ़ और नदियों के तेज बहाव के आसपास सेल्फी न लें यह खतरनाक हो सकता है। उन्होंने कहा कि तेज बहाव में नदी के बीच छोटी नावों से न जाएं, कहीं आवश्यक हो तो एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और पीएसी की फ्लड यूनिट की मदद लें। गौरतलब है कि कालपी में लहरों के बीच यमुना में नाव पर सेल्फी ले रहे चार युवक डूब गए थे, इनमें से तीन के शव मिले हैं जबकि एक अभी लापता है। यमुना, बेतवा, चंबल समेत सभी नदियों में पानी घटने से बाढ़ में फंसे लोगों की दहशत कम हुई है पर मुसीबत भी कम नहीं हुई है।

## रीता जोशी के बगावती तेवरों के बाद भाजपा से निकाले गए पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह बबलू

**लखनऊ (एजेंसी)।** पिछले हफ्ते ही बीजेपी में आए पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह बबलू को पार्टी से निकाल दिया गया है। जितेंद्र सिंह बबलू के पार्टी में आते ही सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने आपत्ति जताई थी। जितेंद्र सिंह बबलू पर रीता बहुगुणा जोशी के घर को जलाने का आरोप है। तब बबलू बीएसपी में थे। रीता बहुगुणा जोशी के तेवरों को देखते हुए बीजेपी ने बबलू को पार्टी से बाहर कर दिया है। दर्जन भर मुकदमे झेल रहे जितेंद्र सिंह बबलू मायावती सरकार में बीएसपी के दबंग विधायक थे। अयोध्या से लेकर लखनऊ तक उनकी तूती बोलती थी। उनकी गिनती मायावती के करीबी नेताओं में होती थी। उनके भाई को मायावती ने एमएलसी बनवा दिया। इसी बीच एक ऐसी घटना हो गई कि बबलू देश भर के हेडलाइन में आ गए।
























# मेजा विधायक ने डूबे हुए निर्माणधीन पुलिया के निर्माण के प्रति कड़ी नाराजगी

## जनवार की डूबी पुलिया को लेकर विधायक ने लगाई फटकार, इंजीनियर को कहां अनाड़ी,अपने कोटे से प्रस्तावित पुलिया निर्माण पर विफरी विधायक, लगाई फटकार

85 लाख की लागत से बन रही पुलिया के निर्माण पर लगा प्रश्न चिन्ह



अखंड भारत संदेश

**सिरसा/मेजा।** प्रयागराज मेजा विधानसभा के विधायक श्रीमती नीलम उदयभान करवरिया ने बाढ़ क्षेत्र का दौरा कर जनवार गांव में अपने कोटे से आवंटित धन से बन रही पुलिया का निरीक्षण किया। निर्माणाधीन पुल टोंस नदी मे आई बाढ़ की चपेट में आने से डूब गई है। विधायक मेजा ने निरीक्षण के दौरान सख्त रुख अपनाते हुए पुलिया निर्माण से जुड़े संबंधित अधिकारियों को जमकर लताड़ लगाई।

ज्ञातव्य हो कि पिछले कई वर्षों से बाढ़ में जनवार गांव जाने वाला मुख्य मार्ग डूबने से गांव का सम्पर्क मेजारोड से टूट जाता था। समस्याओं को देखते हुए मेजा विधायक श्रीमती नीलम उदयभान करवरिया के प्रयास से कई महीनों पहले उक्त गांव मे 85 लाख की लागत से पुलिया बनाने का प्रस्ताव पास हो गया। पुलिया निर्माण कार्य चल रहा था कि टोंस नदी में आई बाढ से निर्माणाधीन पुलिया डूब गई। ग्रामीणों ने कहा कि बाढ़ में रास्ता डूबने की वजह से ही पुल का निर्माण हो रहा है, जब पुल ही डूब जाएगा तो ऐसा पुल बनने से क्या मतलब है। वहीं मंगलवार को बाढ़ क्षेत्र का दौरा करने निकली मेजा विधायक श्रीमती नीलम उदयभान करवरिया ने डूबे हुए निर्माणाधीन पुलिया के निर्माण के प्रति कड़ी नाराजगी जताई। अपने ही कोटे से निर्मित पुलिया को देखकर विधायक विफर गई और विभागीय अधिकारियों को जमकर लताड़ लगाते हुए दो मीटर ऊंचा करने की बात कही। नाराज विधाययक ने यहां तक कह दिया कि निर्माण कार्य से संबंधित इंजीनियर अनाड़ी है। पानी समाप्त होने पर जल्द से जल्द पुल की ऊंचाई बढ़ाकर सितंबर तक आवागमन के लिए दुरुस्त करने की बात कही। इस दौरान तहसीलदार मेजा विशाल शर्मा ने नाविकों से कहा कि ज्यादा सवारियां नाव पर न लादें। आराम से सुरक्षा के तौर पर आवागमन करें, और नाव को जबरदस्ती ओवरलोड ना चलाएं। बाढ़ से पीड़ित विशंभर पुत्र कमला शंकर, विजय शंकर से विधायक नीलम उदयभान करवरिया के साथ तहसीलदार मेजा ने पहुंचकर शीघ्र मदद का भरोसा दिया। विधायक ने बरसैता गांव का निरीक्षण करने के दौरान यात्रियों से पैसा ना लेने की कही बात नाविकों से कही। इस दौरान तहसीलदार विशाल शर्मा ने बताया कि प्रशासन की तरफ से दो नावे लगाई गई हैं जो आवागमन करने वाले लोगों से पैसा नहीं लेती। इसी क्रम में पांती गांव पहुंच विधायक ने सड़क पर बह रहे नाली के संबंध में तहसीलदार से उसे दुरुस्त करवाने की बात कही, जिससे कि आवागमन करने वाले लोगों को दिक्कत ना हो। साथ में वरिष्ठ समाजसेवी ईंजीनियर नित्यानंद उपाध्याय, विधायक प्रतिनिधि शैलेश पांडेय,जितेंद्र शुक्ला ,पुष्कर तिवारी, विजय कांत मिश्रा, टुनटुन तिवारी, सिद्धांत तिवारी, पप्पू जेरा, कमलेश पांडे, आर्यन शुक्ला, मुनन तिवारी और क्षेत्रीय ग्रामवासियो लोग उपस्थित रहे।




## जो सरकार निकम्मी है वह सरकार बदलनी है

अखंड भारत संदेश

**प्रतापपुर।** क्षेत्र के चौका से जंघई बाजार तक मंगलवार को कांग्रेसियों ने भाजपा गद्दी छोड़ो॰ मार्च कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष संजय तिवारी के नेतृत्व में निकला।यह पैदल मार्च कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी व प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के आवाहन पर कांग्रेसियों ने भाजपा गद्दी छोड़ो मार्च निकाला।संजय तिवारी ने कहा कि जिस तरह महात्मा गांधी ने अंग्रेजों के काले शासन के खिलाफ अंग्रेज भारत छोड़ो आंदोलन का आह्वान किया था उसी प्रकार पूरे उत्तर प्रदेश में कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर भाजपा गद्दी छोड़ो मार्च का आंदोलन चलाया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुरेश यादव ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस आजादी के आंदोलन से निकली हुई पार्टी है। आज भाजपा ने देश में अजीब स्थिति पैदा कर दी है महंगाई, भ्रष्टाचार चरम पर है किसान विरोधी सरकार को जड़ से उखाड़ने का समय हो चुका है इस अवसर पर तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे।

## बहरिया में नहीं थम रहा है चोरों का आतंक

अखंड भारत संदेश

**बहरिया।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत दर्जनभर गांवों में करीब 2 सप्ताह से चोरों का आतंक मचा हुआ है।आए दिन चोर क्षेत्र के किसी न किसी गांव में चोरी को अंजाम दे रहे हैं। अभी 2 सप्ताह पहले ही डॉक्टर चंद्र प्रकाश यादव अभईपुर का समरसेबल व स्टार्टर चोर खोल ले गए थे। और उसी रात अभईपुर गांव स्थित सरकारी स्कूल के हैंडपंप का समरसेबल भी चोर उठा ले गए थे।चोरियों का खुलासा भी नहीं हुआ था।कि सोमवार की रात चोरों ने 3 नई जगह चोरी करके क्षेत्र में भव्य व्यक्त कर रहे कर दिये है।लालचंद यादव निवासी अभईपुर धोबहा के बीती रात ताला तोड़कर मोटर को खोल ले गए थे।जब मोटर नहीं खुली तो झोले में रखे रिंच उठा ले गए। कृष्णा यादव निवासी अभईपुर के पंपिंग सेट का ताला तोड़कर चोर स्टार्टर पंखा मोटर खोले गए वहीं गुलाब चंद पटेल निवासी अभाईपुर के कमरे का ताला तोड़कर समरसेबल स्टार्टर चोर उठा ले गए।इस तरीके से कई घटनाएं क्षेत्र में हो चुकी है।सभी चोरियों का खुलासा न होने पर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

## भैंस चराने गया युवक अफनाई नाले में डूबा मौत गोताखोर की मदद् से शव बरामद

अखंड भारत संदेश



**करछना।** थाना के भीरपुर रिपोर्टिंग पुलिस चौकी के अंतर्गत भिटार गांव के सामने मंगलवार दोपहर के वक्त दोस्तों के साथ भैंस चराने गया युवक उफनाई नाले में डूबा । प्राप्त जानकारी के मुताबिक भिटार गांव निवासी लालजी हरिजन का 14 वर्षीय बेटा बब्बन हरिजन मंगलवार दोपहर के वक्त गांव के ही सामने रोजाना की तरह दोस्तों के साथ जंगल की तरफ भैंस चराने के लिए गया था। उसी दरमियान उसकी कुछ भैंसे उफनाई नाला में कूदकर दूसरी तरफ चली गई। भैंस को पुनः इस पार लाने के लिए के लिए बब्बन नाले में कूद कर उस पार तैर कर जा रहा था। लेकिन नाला अधिक गहरा होने की वजह से युवक पानी में डूबने लगा। जिसे देख साथ गए अन्य दोस्तों ने शोर शराबा करते हुए डूब रहे युवक को बचाने का भरकम प्रयास किया। लेकिन तब तक युवक पानी में समा चुका था। घटना की जानकारी ग्रामीणों को हुई तो हड़कंप मच गया।जहां धीरे-धीरे नाले के पास ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना होने पर भीरपुर चौकी इंचार्ज शिवांशु पांडे गोताखोरों के साथ मौके पर पहुंच कर शव को बाहर निकलवाया। वही लाल जी हरिजन घर पर ही रह कर मजदूरी का काम करता है। उसके तीन बेटे व चार बेटियां है। बेटों में बब्बन हरिजन दूसरे नंबर का लड़का था और वह घर पर ही रह कर मवेशियों को पाल रखा था।घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

## मिशन कायाकल्प से बदलेगी पूर्व माध्यमिक विद्यायालय की सूरत

### फूलपुर नगर पंचायत के पूर्व मा0 वि0 को शासन द्वारा नामित सभासद ने लिया गोद, हुआ भूमि पूजन

अखंड भारत संदेश



**फूलपुर।** परिषदीय विद्यालयों का कायाकल्प कर उन्हें स्मार्ट बनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन कायाकल्प योजना से फूलपुर के लगभग सभी विद्यालयों की सूरत बदल रही है। फूलपुर नगर पंचायत स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय के कायाकल्प व पुर्न निर्माण कार्य के लिए मंगलवार को सेवानिवृत्त डिप्टी बी0एस0ए0 मो. आरिफ व राज्यपाल पुरष्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक वैदेही प्रसाद तिवारी के साथ ही नामित सभासद व पथ प्रदर्शक समिति के प्रबंधक राय साहब केसरी ने विधिवत भूमि पूजन किया। भूमि पूजन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित सेवानिवृत्त डिप्टी बीएसए मो 0आरिफ़ ने कहा कि इस विद्यालय को पथ प्रदर्शक समिति के द्वारा गोद लिया गया था। वर्षों से पथ प्रदर्शक समिति इस विद्यालय के विकास के लिए प्रयासरत था। आज समिति के सदस्य अपने उद्देश्य में सफल हुए हैं। इसलिए सभी लोग बधाई के पात्र हैं। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक वैदेही प्रसाद तिवारी ने नामित सभासद राय साहब केसरी को बधाई देते हुए नेक व सराहनीय कार्य के लिए शुभाशीष दिया और कहा कि निश्चित तौर पर आने वाले समय में यह विद्यालय आस पास के क्षेत्र के लिए मॉडल बनेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सभासद सत्यम केशरी ने भूमि पूजन करते हुए कहा कि मिशन कायाकल्प उत्तर प्रदेश सरकार की महत्त्वपूर्ण योजनाओं में से है जिसके तहत पूरे प्रदेश में विद्यालयों की स्थिति में बदलाव हुआ है। वहीं कार्यक्रम के आयोजक राय साहब केसरी ने भी मां वसुंधरा की पूजा कर सकुशल कार्य पूर्ण होने की कामना की। इस मौके पर भाजपा नेता सुरेश विश्वकर्मा नगर पंचायत के सभासद,बलवंत मौर्य, रामकरन मौर्य, अरशद उल्ला, अजय मौर्य , रमेश गौतम, अखिलेश यादव, विद्यालय की प्रधानाचार्या, राजकुमार कश्यप, पूर्व छात्रनेता कुनाल,विशाल कुमार सत्या, अभाविप कार्यकर्ता प्रांशु तिवारी, विजय शंकर पुष्पाकर, शिव पूजन, अभिषेक आशु, अभिजीत गुप्ता रजत केशरी, निखिल गुप्ता, योगेश, मकसूद, सरफराज, अराफात , आकाश, शिवा, शक्ति , वैष्णवी, वर्षा यादव, मुस्कान यादव समेत पथ प्रदर्शक समिति के सैकड़ों छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

# सीएचसी बनी के अधीक्षक ने किया बाढ़ ग्रस्त प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण

अखंड भारत संदेश



**सहसों।** बदरा सोनौटी गांव में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे सीएचसी बनी के अधीक्षक डॉ अमृतलाल यादव व उनकी टीम। गंगा का जलस्तर निरंतर बढ़ने के वजह से तटीय इलाकों के कई गांव प्रभावित हुए हैं। जिसकी चपेट में बदरा सोनौटी गांव का संपर्क मार्ग जलमगन हो जाने के कारण चारों तरफ पानी से घिर गया है। इससे आम जनता व ग्रामीण सकते में हैं। सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनी के अधीक्षक डॉ अमृत लाल यादव अपने कर्मठ टीम के साथ बाढ़ ग्रस्त प्रभावित इलाके का दौरा किया। जिसमें उन्होंने प्रभावित इलाके में स्थापित बाढ़ गस्त राहत चौकी पर भी पहुंचकर चिकित्सा स्वास्थ्य सुविधा एवं सहायता का निरीक्षण करते हुए प्रभावित लोगों को चिकित्सीय परामर्श के लिए जागरूक भी किया। इस संदर्भ में उन्होंने लोगों को सलाह दी कि किसी भी संक्रमण या बीमारी के स्थित में पीडि.तों की सहायता के लिए बाढ़ ग्रस्त राहत चौकी पर किसी भी दल का मदद लेते हुए स्वास्थ्य के प्रति सजग एवं जागरूक रहें। सीएचसी अधीक्षक ने बाढ़ प्रभावित इलाके के कुएं में डालने के लिए क्लोरीन की गोली घर- घर ओआरएस के पैकेट का वितरण के अतिरिक्त पेट में दर्द या किसी भी संक्रमण के होने पर तत्काल बाढ़ राहत चौकी पर उपस्थित चिकित्सा दल की सहायता लेने का अनुरोध भी किया। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थित में बीसीपीएम सोमेश अग्रवाल, हेल्थ सुपरवाइजर सुरेश त्रिपाठी, डॉ अशोक पटेल, राम सुचित तथा योगेंद्र कुमार हर समय हर संभव लोगों की मदद के लिए तन्मयता के साथ उपस्थित हैं।

## बहरिया में नहीं थम रहा है चोरों का आतंक

**बहरिया।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत दर्जनभर गांवों में करीब 2 सप्ताह से चोरों का आतंक मचा हुआ है।आए दिन चोर क्षेत्र के किसी न किसी गांव में चोरी को अंजाम दे रहे है। अभी 2 सप्ताह पहले ही डॉक्टर चंद्र प्रकाश यादव अभईपुर का समरसेबल व स्टार्टर चोर खोल ले गए थे। और उसी रात अभईपुर गांव स्थित सरकारी स्कूल के हैंडपंप का समरसेबल भी चोर उठा ले गए थे।चोरियों का खुलासा भी नहीं हुआ था।कि सोमवार की रात चोरों ने 3 नई जगह चोरी करके क्षेत्र में भव्य व्यक्त कर रहे कर दिये है।लालचंद यादव निवासी अभईपुर धोबहा के बीती रात ताला तोड़कर मोटर को खोल ले गए थे।जब मोटर नहीं खुली तो झोले में रखे रिंच उठा ले गए। कृष्णा यादव निवासी अभईपुर के पंपिंग सेट का ताला तोड़कर चोर स्टार्टर पंखा मोटर खोले गए वहीं गुलाब चंद पटेल निवासी अभाईपुर के कमरे का ताला तोड़कर समरसेबल स्टार्टर चोर उठा ले गए।इस तरीके से कई घटनाएं क्षेत्र में हो चुकी है।सभी चोरियों का खुलासा न होने पर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है वही बहरिया पुलिस चोरी का खुलासा करने में नाकाम साबित हो रही है।



## प्रतापपुर की बेटी प्रियंवदा मौर्य को दीक्षांत समारोह में नोबेल पुरस्कृत कैलाश सत्यार्थी एवं पूर्व राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी ने गोल्ड मेडल से किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापपुर।** क्षेत्र के बरेंद्र गाँव निवासी रमेश चंद्र मौर्य की पुत्री प्रियंवदा मौर्य इलाहाबाद विश्वविद्यालय में बीएससी फर्स्ट इय्यर कक्षा में प्रथम स्थान पाने पर दीक्षांत समारोह में नोबेल पुरस्कृत कैलाश सत्यार्थी व बंगाल के पूर्व राज्यपाल केशरी नाथ त्रिपाठी के हाथों गोल्ड मैडल द्वारा सम्मानित किया गया। प्रियंवदा की उपलब्धि पर सभी क्षेत्रवासियों ने बधाई देते हुए प्रियंवदा को निरंतर आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दिया।


## सेमरी में तीन छप्पर जलने से हजारो का नुकसान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापपुर।** सरायममरेज थाना क्षेत्र के सेमरी गांव मे बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में छप्पर में आग लगी आग इतनी व्यापक हो गयी कि तीन छप्पर आगोश में लिया।ग्रामीणों के काफी मशक्कत के बाद भी आग पर काबू नही पाया जा सका।आग में जलकर हजारो की गृहस्थी खाक हो गयी। सराय ममरेज के सेमरी गांव निवासी लालमणि का वारी-फूलपुर मार्ग के किनारे मकान है घर के पीछे रसोई,पशुशाला भूसा के तीन छप्पर है बीती रात खाना खा वो सो गए कि अचानक छप्पर धू-धू कर जलने लगा।छप्पर जलता देख ग्रामीण जुटे और आग को बुझाने का प्रयास किया मगर आग पर काबू नही पा सके।जिसके चलते भूसा एवं भूसा में रखे 6 कुंतल गेहू,टाली,सिचाई की पाइप सहित गृहस्थी का समान जलकर खाक हो गया।सूचना पर रात में 112 नंबर पुलिस पहुँची मगर मंगलवार के दिन कोई राजस्व कर्मी नही पहुँचा।भुक्तभोगी लालमणि ने बताया सुबह थोड़ी दूर पर पेट्रोल का गैलन मिलने से अराजकतत्वों पर आशंका व्यक्त की है।सरायमरेज थाना में अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

## करछना थाना के महोरी गांव में चोरों ने दो घरों को बनाया निशाना लाखों का नगदी समेत सामान किया पार

अखंड भारत संदेश



**करछना।** थाने के महोरी गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने गांव के दो लोगो के घरों में ताला तोड़कर नगदी समेत लाखों का सामान उठा ले गये ।घटना की जानकारी होने पर पीडितो ने अज्ञात चोरों के खिलाफ करछना थाने में तहरीर दी है । जानकारी के मुताबिक उक्त गांव निवासी नागेश मिश्रा के घर में रात्रि को चोरों ने अंजाम दिया जिसमे नगदी समेत आभूषण, बंदूक की कारतूस समेत घर का कीमती लाखों रूपये का सामान पर हाथ साफ़ कर दिया ।वहीं कुछ दूरी पर स्थित गिरीश मिश्रा के घर को निशाना बनाया उनके घर से भी नगदी समेत आभूषण व गृहस्थी का कीमती लाखों रूपये का सामान उठा ले गये ।घटना की जानकारी सुबह होने पर पीडितो ने पुलिस को सूचना दी । जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना कर लौट गयी, वही चोरी की दो घटनाओं से ग्रामीणों में पुलिस के उपर सवाल भी उठाते हुए आक्रोश भी जताया।पीड़ितों की ओर से अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी गई है।

# घूरपुर के इंजीनियरिंग कालेज सहित तराई के दर्जनों गांव के अंदर घुसा बाढ़ का पानी, हड़कंप

## मंगलवार के दिन कंजासा की हालत और हुई दयनीय, बारिश ने और बढ़ा दी मुसीबत



### गंगा यमुना का पानी मनसैता गांव में घुसा बिजली व्यवस्था चरमराई

अखंड भारत संदेश

**थरवई।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत मनसैता पैगंबरपुर गोढ़वा बाकरगंज आदि गांव में गंगा यमुना का पानी बाढ़ आ जाने से लोगों का जीना मुहाल हो गया है।बाढ़ के पानी से जहरीली जीव जंतु ग्रामीणों के घर में प्रवेश कर रहे हैं।तथा गोढवा फीडर में पानी प्रवेश कर जाने से कई गांव की लाईट बंद कर दी गई है।जिससे ग्रामीणों को सोरांव फीडर से 8 से 10 घंटे के बीच लो वोल्टेज सप्लाई दी जा रही है।पैगंबरपुर गांव में



अधिकतर पशुपालन हैं। लेकिन बाढ़ का पानी आ जाने से चारा एवं घास सब कुछ पानी में समा गया।वही कुछ गरीब लोग दूध ही बेच कर अपना और अपने परिवार का गुजर बसर करते है।जिससे धान तथा बजरी की फसल सब कुछ नष्ट हो गया है।

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** इलाक़े के इरादतगंज गांव स्थित इंजीनियरिंग कालेज मंगलवार के दिन बाढ़ के पानी से घिर गया है।

वहीं इसी गांव का एक रास्ता भी बाढ़ का पानी पहुंचने से बाधित हो गया है। इसी तरह तराई के कई गांव बाढ़ के खतरे में आते दिख रहे हैं। वहीं कंजासा में बाढ़ के चलते हालत और बिगड़ती जा रही है।

### मंगलवार के दिन कंजासा की हालत और हुई दयनीय

कंजासा गांव में जहा सोमवार के दिन उफनाई यमुना का पानी दो दर्जन घरों में घुस लोगों को घर से पलायन करने को मजबूर कर दी थी। वहीं मंगलवार के दिन अन्य और दर्जन भर घरों में पानी भर गया। और कई रास्ते बाधित हो गए। बाढ़ के कटान मे आए दर्जन भर गिरने के मुहाने पर आ चुके है। सबसे अधिक कंजासा मे बाढ़ ने तबाही मचा दी है। ग्रामीणों में अफरातफरी मची हुई है। मंगलवार के दिन हुई बारिश से कंजासा के लोगों को और मुसीबत में डाल दी है। लोगों की माने तो दो दिन यदि इसी तरह जल स्तर और बढ़ता गया तो तराई के कंजासा समेत कई गावों में भी बाढ़ का कहर तबाही मचा सकती है।

उफनाई यमुना दिनों दिन अपनी कहर बढ़ाती चली जा रही है। सोमवार के दिन कंजासा में दर्जनों घरों में बाढ़ का पानी घुसने के बाद मंगलवार के दिन इरादतगंज स्थित छत्रपति शाहू जी महरराज़ इंजियारिंग कालेज में बालू परिवहन रास्तों से पहुंचे बाढ़ के पानी ने कालेज को घेर परिसर के अंदर घुस गया। जिससे पठन पाठन कार्य बाधित हो गया।

वहीं इसी गांव के अंदर का एक रास्ता बाढ़ के पानी भर जाने से बाधित हो गया। मंगलवार के दिन इलाक़े के बसवार, पालपुर, अमिलिया, सारीपुर, बीकर, देवरिया, कैनुआ, मोहनी का पूरा, बिरवल, इरादतगंज को भी बाढ़ का पानी नालों और तटबंधों को काट बालू परिवहन के रास्तों से पहुंचा बाढ़ के पानी से गांव के अंदर पानी प्रवेश कर चुका। कई रास्ते बाधित हो गए है। बस्तियों के घरों में घुसने को बाढ़ का पानी बेताब दिख रहा है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि दो दिन के बाढ़ नही घटा तो कई गांव बाढ़ की चपेट में आ जायेगा।



# भाजपा युवा मोर्चा यू पी में लक्ष्य 350 करेगा पूरा : वीरेंद्र शुक्ला

अखंड भारत संदेश

**जसरा, प्रयागराज।** भाजपा युवा मोर्चा उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव युवाओं के बलबूते 350 सीट जितने का लक्ष्य पूरा करेंगा यह बाते भाजपा युवा मोर्चा यमुनापार के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र शुक्ला एडवोकेट ने भाजयुमो कार्यालय जारी बाजार में एक बैठक के दौरान कही।उन्होंने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी जी के नेतृत्व में सभी भतिर्यों में पूर्ण रूप से पारदर्शिता बरती गई है साथ ही यू पी में संगठित अपराधों में कमी आई है।।वीरेंद्र शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि पिछले तीन साल से अपने कार्यकाल के दौरान यमुनापार में रचनात्मक कार्यों जैसे खेल सामान्य ज्ञान एवं कला प्रतियोगिताओं आदि के माध्यम से युवाओं को पार्टी से जोड़ा गया है।संगठन के द्वारा जिससे पार्टी को मजबूती मिली है।आज का युवा राष्ट्रवादी सोच का है और राष्ट्र हित से जुड़े मुद्दों को अच्छी तरह से समझता है।आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए पार्टी द्वारा बहुत से कार्यक्रम तय किए गए है जिसमें यमुनापार भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ता अपनी पूरी लगन एवं मेहनत से उसे सफल बनाने में अपना पूर्ण योगदान करेंगे।।बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष विवेक मिश्र अंबुज तिवारी,अजित मिश्र विवेक अग्रहरि,सत्यम पांडेय,सुधाकर सिंह,शशि द्विवेदी,वीरेंद्र पटेल,रतनकर तिवारी,मनोज तिवारी,मनीष गुप्ता आलोक कोल आदि जिला एवं मंडल पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# जसरा सीएचसी में 450 लोगों को किया गया वैक्सिनेशन

अखंड भारत संदेश

**जसरा, प्रयागराज।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा में मंगलवार को 18प्लस युवाओं के साथ ही सीनियर सिटीजन का टीकाकरण किया गया है। टीकाकरण के लिए भारी भीड़ लगी रही। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जसरा में मंगलवार को 450 लोगों का टीकाकरण किया गया है। सुबह नौ बजे से ही लोगों की भारी भीड़ लगी रही। जब कि सीएचसी अधीक्षक डा0 तरुण पाठक ने कहा कि जिस तरह लोग टीकाकरण में भाग ले रहे है,इससे लग रहा है कि जल्द ही पूरा क्षेत्र वैक्सीन युक्त हो जाएंगा। अधीक्षक डा0पाठक ने क्षेत्र की जनता से बार बार अपील किया है कि अधिक से अधिक संख्या में लोग टीकाकरण करायें और स्वयं बचें साथ ही अपने परिवार को सुरक्षित रखें। सीएचसी अधीक्षक ने सभी गांवों के क्षेत्र पंचायत सदस्य व प्रधानों से भी अनुरोध किया है कि वह गांव के लोगों को एक अभियान चलाकर सजग करें और प्रेरित कर टीकाकरण के सम्बंध में बताएं। जिससे ग्रामीण जनता टीकाकरण से वन्चित न रहे। इस अवसर पर स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी सीमा सिंह,ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक पंकज मिश्र,नेत्र परीक्षण अधिकारी डा0हीरानंदन पंकज पांडेय, वैक्सीनेटर नीशा गौतम,प्रमिला सिंह, सुमन सिंह,रीता सिंह,इन्द्रावती आदि एएनएम उपस्थित रहीं।

### श्रीकृष्ण भक्ति को सम्पूर्ण विश्व में स्थापित किया इस्कॉन ने : रेवतीरमण सिंह

**प्रयागराज।** राज्यसभा सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह ने इस्कॉन संस्थापक आचार्य श्रील ए. सी. भक्ति वेदांत स्वामी प्रभुपाद की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य पर केंद्रित वित्त मंत्री सीतारमन को 16दिसंबर20 को पत्र लिखकर मांग किया कि स्वामी जी के जयंती वर्ष पर सिक्का जारी किया जाय क्योंकि स्वामी जी ने इस्कॉन की स्थापना कर देश विदेश के लगभग सारे बड़े शहरों में भगवान श्रीकृष्ण जी की मंदिर स्थापना कर कृष्ण भक्ति की डोर से देशी व विदेशी लोगों को पिरोया और भारतीय भक्ति भावना, सभ्यता और संस्कृति का देश विदेश में इस्कॉन के माध्यम से प्रचार प्रसार हुआ।

सांसद कहा कि यह संस्था पूरे विश्व में भक्ति के साथ मानवता सेवा,शिक्षा में भी अग्रणी भूमिका अदा करती आ रही हैं इसलिए स्वामी जी की 125वीं जयंती पर उनके कार्यों पर श्रद्धा सुमन के तौर पर ससम्मान स्वरूप कुछ विशिष्ट होना चाहिए जैसे उनके 125वीं जयंती पर 125? का सिक्का जारी करें केंद्र सरकार।

# सरस्वती विद्याया मंदिर इंटर कॉलेज में हरियाली दिवस मनाया गया

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रो0 राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) शिक्षा प्रसार समिति द्वारा संचालित ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गंगापुरी, रसूलाबाद, प्रयागराज में मंगलवार को हरियाली दिवस कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीपार्चन, पुष्पार्चन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात विद्यालय के आचार्य संजीव चतुर्वेदी द्वारा कार्यक्रम की प्रस्ताविकी रखी गई। स्कूली बच्चों ने पौधरोपण कर उन्हें सुरक्षित रखने और समाज के लोगों को इस कार्य हेतु प्रेरित करने का संकल्प लिया। पर्यावरण के महत्व को समझाने के लिए नगर के शैक्षणिक संस्थान ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गंगापुरी प्रयागराज स्कूल में हरियाली दिवस मनाया गया। ग्रीन डे सेलिब्रेशन में बच्चों ने शिक्षकों के साथ मिलकर विद्यालय परिसर में विभिनन्‍ प्रकार के पौधे लगाए। विद्यालय के प्रधानाचार्य युगल किशोर मिश्र ने विद्यार्थियों से पर्यावरण को सुरक्षित रखने में सहयोग देने और अपने जन्मदिवस पर एक पौधा लगाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर भाषण आदि से जहां बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण पर कटाक्ष किया, वहीं बच्चों ने पेड़ बचाओ पेड़ लगाओ का नारा भी बुलन्द किया। भाषण, ग्रीन लंच, ग्रीन कपड़ों के लिए पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम प्रमुख पायल जायसवाल, रोली मालवीय, बेबिका



पर प्रमित, अनुभव, ग्रंथ, पार्थ, आदि छात्र/छात्राओं और शिक्षिकाओं ने हरियाली दिवस पर पर्यावरण बचाओ का संदेश देते हुए हरे रंग के कपड़े पहने। इस अवसर पर पर्यावरण से जुड़े खेल प्रतियोगिता, नाटिका, नृत्य और वहीं छात्र/छात्राओं को बताया गया कि पर्यावरण के बिना हमारा जीवन असंभव है। पर्यावरण को बचाने के लिए सभी लोग आगे आएं। इसके उपरांत ग्रीन डे सेलिब्रेशन में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को उनके द्वारा प्रस्तुत राय, पूजा गुप्ता, रागिनी श्रीवास्तव, मीनाक्षी मेहरोत्रा, ज्योति सिंह, रीता विश्वकर्मा, कनक सिंह, राजेंद्र मोहन ओझा, राधेश्याम तिवारी एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य सरोज सिंह ने किया।

# लापरवाह अधिकारियों का खामियाजा भोग रहे हैं नैनीवासी, दो बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं

## समस्या का जल्द निदान नहीं हुआ तो करेंगे आंदोलनः पंडित रामजी

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** क्षेत्र के वार्ड 33 काजीपुर के दो घनी आबादी वाले मोहल्लों प्रेम नगर व सरयू नगर में काफी लंबे समय से पेयजल की समस्या बनी हुई है। पिछले दो दिनों से जब जलापूर्ति पूर्णतः बाधित हो जाने पर मोहल्ले वासियों ने भाजपा नेता पं. रामजी मिश्र को मौके पर बुलाकर



इस विकराल समस्या से अवगत कराया और साथ ही जलनिगम के मनबढ़ एवं लापरवाह अधिकारियों के रवैये के प्रति आक्रोश व्यक्त किया। भाजपा नेता रामजी मिश्र के साथ त्रिवेणी नगर ,नगर निगम पहुँच कर जलनिगम के उच्चाधिकारियों से बात कर समस्या से अवगत कराते हुए कहा कि लापरवाह अधिकारीगण मोदी जी और योगी जी के सुदृढ़ राष्ट्र के सपने एवं लक्ष्य को बाधित करने का कार्य कर रहे हैं, जो किसी भी कीमत पर बर्दास्त नहीं किया जाएगा। अगर शीघ्र ही जलापूर्ति सुचारू रूप से शुरू नहीं होता है तो मोहल्ले वासियों के साथ वह स्वयं जलनिगम कार्यालय पर धरने पर बैठने को विवश हो जाएंगे। जिसकी पूर्ण रूप से जिम्मेदारी संबंधित जल निगम की होगी। इतना ही नहीं लोगों को दो दिनों से पूर्ण रूप से दो बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। लापरवाह संबंधित विभाग के अधिकारियों के कान में जूं तक नहीं रेंग रहे हैं। बताया जाता है कि जल निगम से जुड़े अवर अभियंता, अधिशासी अभियंता अधीक्षण अभियंता कभी भी त्रिवेणी नगर में स्थित जल निगम कार्यालय में दौरा तक नहीं किए हैं। यह वह अधिकारी हैं जो सिर्फ और सिर्फ कागजी कोरम को ही पूरा करने में जुटे रहते हैं। बताते हैं कि जल निगम विभाग से जुड़े जनप्रतिनिधियों को कई बार इन लापरवाह अधिकारियों की लोगों के द्वारा शिकायत भी की जा चुकी है, लेकिन प्रयागराज जिले में स्थित जल निगम के आला अफसरों के खिलाफ कोई भी कार्रवाई करने से कतराते हैं। हालांकि जल्द से जल्द उक्त दोनों मोहल्लों में पेयजल की सुचारू रूप से व्यवस्था नहीं किया गया तो सड़क से लेकर उक्त संबंधित एक कार्यालय तक आंदोलन के लिए विवश हो जाएंगे। इस दौरान विनय सिंह, बंटी, विमल गुप्ता ,संतोष सिंह ,शिलवंत सिंह ,कुलदीप सिंह ,बच्चा केसरवानी एवं अन्य लोग उपस्थित रहें।

अंखड भारत संदेश के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

मुद्रक/प्रकाशक

स्वामी श्री योगी सत्यम पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं.

UPHIN 2001/9025

### बरेली एयरपोर्ट से 12 अगस्त से मुम्बई तो 14 अगस्त से बेंगलुरू के लिए शुरू हो रही उड़ान


**प्रयागराज।** विमानन सेवाओं में लगातार मील का पत्थर साबित कर रहे उत्तर प्रदेश नागरिक उड्डयन विभाग के विभिनन्‍ एयरपोर्ट से विभिनन्‍ शहरों के लिए सीधी उड़ान शुरू होने जा रही है। जिसकी घोषणा मंगलवार को उत्तर प्रदेश के नागरिक उड्डयन मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में नागरिक उड्डय विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक में की। मंत्री नन्दी ने कहा कि 15 सितम्बर से कानपुर एयरपोर्ट से दिल्ली, मुम्बई, बेंगलुरू और हैदराबाद के लिए सीधी उड़ान शुरू होने जा रही है। वहीं 12 अगस्त से बरेली एयरपोर्ट मुम्बई तो वहीं 14 अगस्त से बेंगलुरू से जुड़ जाएगा।

# जीवित व्यक्ति का बना मृत्यु प्रमाण पत्र

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** एक चौकाने वाली घटना में जालसाजों ने फर्जी दस्तावेजों के जरिए एक जीवित व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया और फिर उसका घर किसी दूसरे के नाम ट्रांसफर करने की गई कोशिश। उस व्यक्ति को सौभाग्य से एक प्रमुख समाचार पत्र में प्रकाशित नोटिस के माध्यम से संपत्ति स्थानांतरण के बारे में पता चला और तुरंत आपत्ति उठाने के लिए आवास विकास अधिकारियों से संपर्क किया। इस संबंध में जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को भी शिकायत पत्र के जरी सूचना दी गई।

पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में थाना करैली क्षेत्र अंतर्गत जीटीबी नगर करैली के रहने वाले मकसूद अहमद ने कहा कि उनके एक परिचित ने उन्हें 19 जुलाई को एक समाचार पत्र में उनकी मृत्यु के बाद किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर अपने घर के हस्तांतरण की सूचना पढ़ने पर सतर्क किया। मकसूद तुरंत आवास विकास (आवास विकास) प्राधिकरण कार्यालय पहुंचे और संबंधित लिपिक से मुलाकात की। फाइल का निरीक्षण करने पर, मकसूद को पता चला कि किसी ने अपनी संपत्ति को अपने नाम करने के लिए जाली मृत्यु प्रमाण पत्र, परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि प्रस्तुत किया है। संबंधित क्लर्क





ने मकसूद को सूचित किया कि जिस व्यक्ति के नाम पर संपत्ति हस्तांतरित की जानी थी, उसने खुद को मकसूद का भाई होने का दावा किया और यहां तक ??कहा कि मकसूद का कोई वारिस नहीं है क्योंकि वह अपनी मृत्यु तक अविवाहित रहा। मकसूद अहमद को तुरंत झटका दिया और संबंधित अधिकारियों को संपत्ति हस्तांतरण पर लिखित आपत्ति दी। ङ्कजिस व्यक्ति ने संपत्ति को स्थानांतरित करने का प्रयास किया, वह न केवल मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में कामयाब रहा, बल्कि परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र भी जारी किया, जो केवल लेखपाल और अन्य अधिकारियों द्वारा पूछताछ के बाद ही बनाया जा सकता है। धोखाधड़ी करने वाले ने दावा किया कि मकसूद की मृत्यु हो गई है, आवास विकास में संबंधित अधिकारियों को बताया कि वह मेरा भाई था। मेरे सभी सगे भाई जीवित हैं और रईस अहमद के नाम से मेरा कोई भाई नहीं हैङ्ग मकसूद ने शिकायत की।

एसएसपी प्रयागराज को दी गई अपनी शिकायत में मकसूद ने आगे धोखाधड़ी की जांच की मांग की और जाली दस्तावेज जारी करने के संबंध में संबंधित अधिकारियों पर आरोप भी लगाया। आवास विकास में संबंधित अधिकारियों की मदद से, मकसूद को धोखाधड़ी में शामिल चार लोगों के बारे में पता चला, जिनके खिलाफ उन्होंने प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। इस बीच, क्षेत्राधिकारी प्रथम सत्येंद्र तिवारी ने कहा कि उन्हें अभी तक शिकायत नहीं मिली है, और प्राप्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, उन्होंने कहा कि संबंधित जांच विभागीय अधिकारी द्वारा टीम गठित कर घटना की।

# भाजपा गद्दी छोड़ो अभियान के तहत कांग्रेसियों ने किया पैदल मार्च



## रानीगंज में पूर्व जिलाध्यक्ष ने किया जुलूस

**रानीगंज, प्रतापगढ़।** उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर रानीगंज तहसील मुख्यालय पर पूर्व जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में अंग्रेजों भारत छोड़ो की वर्षगांठ पर भाजपा गद्दी छोड़ो नारे के साथ मार्च निकाला गया। मार्च में उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी के सचिव व प्रतापगढ़ प्रभारी जय करन वर्मा मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्र ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा गद्दी छोड़ो मार्च का आयोजन प्रदेश की सभी विधान सभाओं में किया जा रहा है। आज रानीगंज का मार्च उसी कड़ी में हो रहा है। उ0प्र0कांग्रेस सचिव व प्रतापगढ़ प्रभारी जय करन वर्मा ने कहा कि कांग्रेस ही एक पार्टी है जो इस सरकार के कुशासन के विरुद्ध आज सड़कों पर है, और इस सरकार की जन विरोधी नीतियों का खुलकर विरोध कर रही है। इस अवसर पर शिवम मिश्र, संतोष तिवारी, श्याम शंकर तिवारी, पशुपति उपाध्याय, आशीष तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भाजपा गद्दी छोड़ो अभियान के तहत सदर विधान सभा में कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी की अध्यक्षता में एमडीपीजी कॉलेज के सामने से पैदल मार्च निकाला गया यह मार्च बाबागंज, चौक होते हुए कपूर चौराहे से तहसील पहुंच कर जनसभा मे परिवर्तित हो गया। पैदल मार्च में भाजपा गद्दी छोड़ो ,डीज़ल पेट्रोल का दाम करो का नारा कार्यकर्ता लगा रहे थे।

जन सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा सरकार निरंकुश हो गई है। इस सरकार में किसान, नौजवान, व्यापारी, सभी वर्ग परेशान हैं।

सरकार की तानाशाही के कारण नौजवान बेरोजगार होकर घूम रहा है और सरकार केवल वसूली करने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि इस सरकार को किसान काला कानून खत्म करना ही होगा। कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ है। कार्यक्रम को पूर्व जिलाध्यक्ष नरसिंह मिश्र, शहर अध्यक्ष मो0 इरफान अली, कपिल द्विवेदी, प्रशांत शुक्ल ने भी संबोधित किया। पैदल मार्च सभा मे वेदांत तिवारी, सुरेश मिश्र, इंद्राकर मिश्रा, फतेह बहादुर सिंह, मकरंद शुक्ल, मौलाना अब्दुल वाहिद, रहमान, चंद्रनाथ शुक्ल, फिरोज कुरेशी, आशुतोष तिवारी, रामू पांडेय, सलमान खान, शाहनवाज, महताब, मो0 अली, मो0 शरीफ, मो0 इस्तियाक आदि लोग मौजूद रहे।



# प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को मिलेः डीएम

## 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं की डीएम ने की समीक्षा

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कलेक्टेªट के सभागार में मुख्य विकास अधिकारी प्रभाष कुमार सहित जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ शासन की नवीन प्राथमिकता वाले 37 बिन्दुओं की समीक्षा की गयी। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान यह तथ्य पाया गया कि जिला अस्पताल में दवाओं की कमी है जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि जिला अस्पताल में दवाओं की उपलब्धता शत् प्रतिशत सुनिश्चित की जाये।

हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर की समीक्षा की दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जो हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर पूर्ण हो गये है उन्हें हैण्डओवर कर दिया जाये एवं जो अपूर्ण है उसे जल्द से जल्द पूर्ण कराया जाये। बैठक में पाया गया कि कुछ आशाओं द्वारा डिलीवरी के मामलों लापरवाही की जा रही है जिस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि जिन आशाओं द्वारा लापरवाही बरती जा रही है उनको हटाकर आशाओं की नई तैनाती की जाये। इसके अलावा जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल में एम्बुलेन्स, टीकाकरण कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, आयुष्मान मित्र, गोल्डेन कार्ड, अस्पतालों में बेड की उपलब्धता आदि के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की। इसी प्रकार बैठक में जिलाधिकारी ने स्टेडियम, सेतु निगम, मण्डी परिसर, राजकीय डिग्री कालेज आदि के 50 लाख के ऊपर के निर्माण कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा की।



# जगमगा उठी नगर के चौराहों की लगी महापुरुषों की मूर्तियां

## गोष्ठी कर महापुरुषों को किया गया याद

**प्रतापगढ़।** काकोरी टेªन काण्ड की याद में नगर में प्रमुख चौराहों पर लगी महापुरुषों की मूतिर्यों को जहां मोमबत्ती जलाकर जगमग किया गया, वहीं नगर पालिका में गोष्ठी आयोजित कर कर्मचारियों तथा अधिकारियों ने बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और काकोरी काण्ड की विस्तृत चर्चा की। बता दें कि नगर में राजापाल टंकी चौराहे पर महाराणा प्रताप की मूर्ति, गाजी चौराहे पर डा0 राम मनोहर लोहिया की मूर्ति, टेªजरी चौराहे पर पं0 मुनीश्वरदत्त उपाध्याय की मूर्ति, भंगवा चुंगी चौराहे पर सरदार भगत सिंह की मूर्ति, पंजाबी मार्केट में चंद्रशेखर आजाद की मूतिर्यां सोमवार की शाम जगमगा उठी। नगर पालिका के कर्मचारियों ने मूतिर्यों की साफ-सफाई कर शाम को मोमबत्ती जलाकर बलिदानियों को याद किया और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह ने बताया कि मंगलवार को नगर पालिका परिसर में सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, स्वच्छ भारत मिशन के वरुण कुमार सिंह व आशीष मिश्रा, प्रशांत सिंह, अनिल कुमार सिंह, सुरजीत सिंह, प्रशांत श्रीवास्तव, भूपेन्द्र सिंह तथा नगर पालिका के सभी कर्मचारियों ने काकोरी काण्ड की चर्चा में भाग लिया।

## पानी और शौचालय के लिये धरने पर बैठे लोको पायलट

**प्रतापगढ़।** स्टेशन लॉबी में पानी और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं का न होना शर्मनाक है। रेल कर्मचारियों के बार बार निवेदन के बावजूद रेल प्रशासन सुविधा मुहैया नहीं कराया पाया तो नाराज होकर लोको पायलट मंगलवार को लाबी के सामने धरने पर बैठ गये। बोले कि अगर सुविधाये नहीं मिली तो आंदोलन बड़ा होगा।

आल इंडिया रनिंग स्टाफ एसो. प्रतापगढ़ शाखा के बैनर तले धरने पर बैठे कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष संजय पांडेय ने कहा कि आन डयूटी कर्मचारी के लिये लाबी में पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है। अगर किसी को शौच जाना है तो उसके लिए शौचालय की व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा कि निजीकरण बंद हो। बाबुओं की कार्यशैली में बदलाव लाने, नाईट डयूटी सीलिंग समाप्त करने और ट्रांसफर की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन हो रहा। इस मौके पर जफर हामिद सिद्दीकी,आरके कोरी, अनुपम यादव, राजेश्वर, निशांत, निखिल, संदीप और मुकेश दुबे समेत काफी संख्या में रनिंग स्टाफ धरने पर बैठा रहा।

# पत्रकार सुलभ की पत्नी को सपाईयों ने सौंपा एक लाख का चेक

## सपा कार्यालय पर सैकड़ों की संख्या में लोगों ने ग्रहण की पार्टी की सदस्यता

**प्रतापगढ़।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिले की सभी विधान सभाओं से लोगों ने दूसरे दल को छोड़कर समाजवादी पार्टी की सदस्यता सपा जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव व जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी के नेतृत्व में ग्रहण की।

इस दौरान जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव ने कहा कि सपा मुखिया के विकासवादी एवं सर्व समाज के भलाई के लिए किए गए कार्यों से प्रभावित होकर पूरे प्रदेश की जनता 2022 में उनको मुख्यमंत्री बनाने के लिए आकुल है। समाजवादी पार्टी में आस्था एवं भरोसा करने वाले समस्त लोगों का समाजवादी पार्टी आवाहन करती है तथा उनका समाजवादी पार्टी में शामिल होने का स्वागत करती है। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में अलग-अलग विधान सभा से लोगों ने सपा की सदस्यता ग्रहण की। बैठक के पश्चात समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों एवं नेताओं का



प्रतिनिधिमंडल दिवंगत पत्रकार सुलभ श्रीवास्तव के आवास पर पहुंचा तथा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा दिए गए एक लाख रुपये का चेक उनकी पतनी रेणुका श्रीवास्तव को सौंपा गया। स्वर्गीय सुलभ श्रीवास्तव की पतनी द्वारा प्रतिनिधिमंडल को अवगत कराया गया कि उनके पति के संदेहास्पद मृत्यु पर पुलिस प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। इस पर जिलाध्यक्ष ने कहा कि पीड़ित के प्रति किया गया प्रशासनिक मजाक सपा बर्दाश्त नहीं करेगी। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख श्यामू ओझा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुषमा पाल, इरशाद सिद्दीकी, जगदीश मौर्या, इरफ़ान खान, गुलफाम खान, पूर्व प्रमुख समीम खान, साबिर अली, मनीष पाल मीडिया प्रभारी सहित अन्य नेतागण उपस्थित रहे।

# डकैती की योजना बना रहे अन्तर्जनपदीय आठ लुटेरों को पुलिस ने दबोचा

## बदमाशों के पास से पिस्टल, तमंचा, नकदी व चोरी में प्रयुक्त बाइक भी मिली

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने डकैती की योजना बना रहे आठ शातिर अपराधियों को एक पिस्टल तथा दो तमंचे व कारतूस तथा चोरी में प्रयुक्त बाइक के साथ धर-दबोचा। पुलिस को मुखबिरी सूचना पर अर्न्तजनपदीय लूट की गैंग को धर दबोचने में यह सफलता सोमवार की रात मिली है। जिले की स्वाट टीम तथा कोतवाली के भारी भरकम फोर्स ने बदमाशों की घेराबंदी की तो बदमाशों ने बच निकलने के लिए पुलिस टीम पर फायर भी झोंका। कोतवाल रणजीत सिंह भदौरिया की तहरीर पर पुलिस ने सोमवार की ही देर रात आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा डकैती की योजना बनाये जाने के आपराधिक षडयंत्र का केस भी दर्ज किया है।



कोतवाली पुलिस सोमवार की रात गश्त पर निकली थी। इस बीच मुखबिरी सूचना हुई कि रानीगंज कैथौला पुलिस चैकी के अन्तर्गत कैथौला के समीप शिव मंदिर के पास कुछ बदमाश एकत्रित है। कोतवाल रणजीत सिंह भदौरिया तथा स्वाट टीम के प्रधान आरक्षी सुरेश सिंह व रानीगंज कैथौला चैकी इंचार्ज राजेश शुक्ला ने फोर्स के साथ बदमाशों की औचक घेराबंदी कर ली। पुलिस टीम को देखते ही शातिर बदमाशों ने फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया। पुलिस ने चारों तरफ से पहले से ही बदमाशों की घेराबंदी कर रखी थी। ऐसे में बदमाशों के भागने का प्रयास विफल हो गया। पुलिस ने रामपुर बावली कोतवाली लालगंज के पकड़े गए बदमाश मूसा खान पुत्र इब्राहिम के पास से एक तमंचा तथा कैथौला बरगदहा के राहुल सिंह पुत्र हरिनाम सिंह के पास से एक पिस्टल व ककरू करछना प्रयागराज के विजय शंकर के पुत्र अभिषेक पाण्डेय के पास से भी एक तमंचा बरामद किया। बदमाशों के पास से पुलिस को कारतूस भी मिले है। वहीं पुलिस ने करछना हनुमानपुर के नागेन्द्र कुमार द्विवेदी तथा करछना प्रयागराज के चिरौंजी के पुत्र सुनील विश्वकर्मा व लालगंज कोतवाली के अर्जुनपुर निवासी अशोक यादव के पुत्र विजय तथा लालगंज कोतवाली के ही बभनपुर निवासी छोटेलाल के पुत्र सचिन यादव एवं इसी गांव के जीतलाल के पुत्र सचिन पटेल को भी धर दबोचा है। वहीं पकड़े गए बदमाशों ने पूछताछ के दौरान बताया कि इसी गैंग ने बीती तीस जून को कैथौला के समीप आढत व्यापारी आशीष केसरवानी के यहां भी पिस्टल सटा कर रूपये तथा मोबाइल की लूट की थी। पकड़े गए बदमाशों के पास से पुलिस ने चोरी में प्रयुक्त एक बाइक तथा उननीस हजार तीन सौ सत्तर रूपये भी बरामद किए है।

# भाजपा सांसद संगम लाल गुप्ता से मांगी गई पांच करोड़ की फिरौती

## फिरौती न देने पर बम से उड़ाने की मिली धमकी

**प्रतापगढ़।** जिले के भाजपा सांसद संगम लाल गुप्ता को अज्ञात बदमाशों ने फोन पर बम से उड़ाने की धमकी देते हुए पांच करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी है। सांसद ने सोमवार को दिल्ली के नॉर्थ एवेन्यू थाने में मामले की तहरीर दी। मामला हाईप्रोफाइल होने के कारण प्रकरण की जांच एंटी टेररिस्ट सेल कर रही है। सांसद के दिल्ली स्थित आवास पर पहुंची जांच टीम ने उनसे घटनाक्रम के बारे में जानकारी ली है।

सांसद संगम लाल गुप्ता ने बताया कि उनके दिल्ली आवास पर पहुंचने के बाद करीब साढ़े 9 बजे उनके मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति ने फोन किया और धमकी देते हुए पांच करोड़ रुपए फिरौती की मांग की तथा बताए पते पर पहुंचाने की बात कही। न देने पर बम से उड़ाने की धमकी दी। सांसद संगम लाल गुप्ता के मुताबिक शाम को भी उनके मोबाइल पर फोन कॉल आई थी। उसने प्रतापगढ़-अमेठी रोड पर सहरूवा का नाम लेते हुए वहां पांच करोड़ रुपए पहुंचाने की बात कही। गाली-गलौच करते हुए फोन करने वाले ने धमकाया कि अगर रुपए बताए पते पर नहीं पहुंचाए गए तो सांसद व उनके साथी को बम से उड़ा दिया जाएगा। उसके बाद सांसद ने घटना की सूचना दिल्ली के नॉर्थ एवेन्यू थाने में दी। मामले की जांच आतंकवादी निरोधक प्रकोष्ठ कर रहा है। सांसद को मिली धमकी जनपद में चर्चा का विषय बनी हुई है। लोगों ने घटना का पर्दाफाश किए जाने की मांग की है।

# वैक्सीनेशन करने गई टीम के साथ हुई मारपीट

## उच्चाधिकारियों से की गई शिकायत

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कोविड-19 की रोकथाम के लिए गांव में चल रहे कलेस्टर अभियान के तहत मंगलवार को वैक्सिनेशन करने गई टीम के साथ प्रधान पुत्र ने जमकर अभद्रता की। इस दौरान स्वास्थ्य कमिर्यों से मारपीट करते हुए उनका मोबाइल भी तोड़ दिया। पीड़ित स्वास्थ्य कमिर्यों ने मामले को लेकर उच्च अधिकारियों सहित पुलिस से शिकायत करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। सीएचसी बाबा बेलखरनाथ धाम में सीएचओ पद पर तैनात मोनू सोनकर व नरसिंह कुमार मंगलवार को क्षेत्र के अमरपुर स्थित पंचायत भवन में कोविड-19 के वैक्सिनेशन के लिये गये थे। जहां ग्रामीणों का आधार कार्ड लेने के साथ कागजी कार्रवाई कर ही रहे थे कि तभी गांव के कुछ लोग अपने कई साथियों के साथ पहुंचे तथा अपने आदमियों को पहले टीका लगाने की बात कहने लगे। जिस पर दोनों स्वास्थ्य कमिर्यों से वाद विवाद हो गया। इसी दौरान स्वास्थ्य कमिर्यों के साथ जमकर अभद्रता की तथा मोबाइल भी तोड़ दिया। दोनों स्वास्थ्यकर्मी जब टीकाकरण ना कर वापस जाने लगे तो उन्हें गाड़ी से भी गिरा दिया। किसी तरह ग्रामीणों के हस्तक्षेप पर मामला शांत हुआ। सीएचसी आये स्वास्थ्य कमिर्यों ने घटना की जानकारी सीएचसी अधीक्षक डा. आरिफ को दी जिस पर उन्होंने जिलाधिकारी नितिन बंसल तथा सीएमओ एके श्रीवास्तव के साथ कंधई पुलिस से लिखित शिकायत करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

## पूर्व बीडीसी पर जानलेवा फायरिंग, रेफर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** ग्राम पंचायत की कायर्योजना की बैठक में भाग लेकर घर वापस आ रहे पूर्व बीडीसी सदस्य को हमलावरों ने जानलेवा हमले में गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। कोतवाली के भागीपुर कमौरा निवासी धर्मेन्द्र सरोज लक्ष्मणपुर क्षेत्र पंचायत समिति का पूर्व सदस्य है। मंगलवार को वह ग्राम पंचायत की कार्य योजना की बैठक में भाग लेने गया था। इस बीच उसके घर से फोन आ गया तो वह बैठक छोड़ घर लौट पड़ा। घर से सौ मीटर पहले सरपत में छिपे घात लगाए हमलावरों ने धर्मेन्द्र पर जानलेवा फायरिंग शुरू कर दी। धर्मेन्द्र को सीने तथा पैर में गोली लगी है। इस बीच उसकी चीख पुकार सुन परिजन दौड़े तो बदमाश भाग निकले। आनन-फानन में गंभीर रूप से घायल धर्मेन्द्र को जिला अस्पताल ले जाया गया। सूत्रों के मुताबिक घायल धर्मेन्द्र की हालत नाजुक बनी हुई है, इधर पूर्व बीडीसी पर जानलेवा हमले की सूचना मिलते ही रणजीत सिंह भदौरिया फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। कोतवाल ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आस पास के लोगों से पूछताछ भी की।

# पुलिस ने गौ तस्करों को डीसीएम गाड़ी सहित दबोचा

**बाघराय, प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र में काशीपुरडुबकी गांव में बीती रात्रि गौ तस्कर डीसीएम गाड़ी पर गो तस्करी के लिए गाय को लादकर ले जाने का प्रयास कर रहे थे। ग्रामीणों की सूचना पर थानाध्यक्ष बाघराय अखिलेश कुमार एवं यस आई वीरेंद्र सिंह यादव मौके पर पहुंच गए। डीसीएम गाड़ी एवं एक बाइक व मौके पर से ही तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि इन लोगों के कब्जे से चाकू बरामद हुआ है। डीसीएम गाड़ी पर चार गाय एक बैल लदे थे जिसे थाने लाया गया। तीनों मुख्य आरोपी एक बाइक बिना नंबर की रखे थे जिसमें नंबर प्लेट बदल बदल कर पशु क्रूरता का कार्य किया करते थे। गिरफ्तार किए गए युवकों से पूछताछ की जा रही है। एसआई वीरेंद्र सिंह यादव की तहरीर पर पुलिस ने वसीम अहमद पुत्र मंजूर अहमद निवासी इटवा पूरामुफ्ती कौशांबी एवं दिलशाद अहमद पुत्र लल्ला निवासी मटिया डीह थाना धूमनगंज प्रयागराज एवं अब्बूफैज पुत्र नफीस अहमद निवासी मटिया डीह के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है।

## चोरों ने उड़ाये नकदी व कीमती माल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली के बसंतगंज गांव में अज्ञात चोरो ने पक्की दीवाल में सेंध काटकर सोमवार की रात हजारों का माल तथा नकदी पर हाथ साफ कर दिया। बसंतगंज गांव के गंगाधर सोनी ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती सोमवार की रात बदमाशों ने उसके घर की पक्की दीवाल काटकर चोरी की घटना अंजाम दी। घटना में बदमाशों ने हजारों की नकदी व गृहस्थी के कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने घटना को लेकर पुलिस को तहरीर दी है।

# नगर की समस्याओं को लेकर व्यापार मंडल की बैठक संपन्न हुई

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज, भदोही।** नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल गोपीगंज की एक आवश्यक बैठक नगर अध्यक्ष श्रीकांत जायसवाल के पश्चिम मोहाल स्थित आवास पर सम्पन्न हुई, जिसमें नगर में बने ओवर ब्रिज से बारिश के गंदे पानी जगह जगह गिरते रहते हैं जिसके चलते ब्रिज के नीचे चलने वाले लोगों के ऊपर गंदा पानी गिरता रहता है। जरा सा भी बरसात होने पर ब्रिज के ऊपर से दोनों किनारे कई जगह से पानी गिरता रहता है। जिसकी वजह से दुकानदारों एवं आने जाने वाले राहगीरों और नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि बरसात के पूर्व भी एनएचएआई के मेंटेनेंस अधिकारी वीरेंद्र कुशवाहा से मामले की शिकायत की गई थी। जिस पर कुछ दिनों के लिए साफ सफाई हुई, उसके बाद फिर से लापरवाही बरती जा रही है। जिससे समस्या पूरे नगर में बना हुआ है। बैठक में उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अध्यक्ष श्रीकांत जायसवाल ने आरोप लगाया कि एन एच आई द्वारा 15 साल के लिए मेंटेनेंस के नाम पर पूरा खर्चा मिलता है, लेकिन अधिकारियों की मिलीभगत से साफ सफाई पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे नगर की समस्या गंभीर बनी हुई है। अध्यक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर 1 हफ्ते के अंदर समस्या का समाधान नहीं कराया गया तो व्यापारी धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। बैठक में प्रमुख रूप से रमाकांत गुप्ता, रतनलाल अग्रहरी, गिरजा शंकर पांडे, त्रिलोकीनाथ उमर, सतीश गुप्ता, दिनेश कुमार, मिथिलेश अग्रहरि, अभिषेक जायसवाल, दामोदर अग्रहरी, दीपक मोदनवाल, कोतल जायसवाल, शेषप्रकाश जायसवाल, विनीत कुमार मिश्रा, कमल अवधिया सहित भारी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## बिषैले जंतु के काटने से किशोरी की मृत्यु

**भदोही।** जनपद के सुरियावां थाना अंतर्गत ग्रामसभा अबरना निवासी एक 14 वर्षीय किशोरी को विषैले जंतु के काटने से सोमवार की रात्रि में मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उक्त गांव निवासी खुशी देवी उम्र 14 वर्ष पुत्री फूलचंद गौतम रात में चारपाई पर सोई हुई थी किसी विषय में जंग तूने दाहिने पैर में काट लिया। काटे जाने पर उक्त किशोरी बेचैन हो गई और चिल्लाने लगी परिजन पहुंचे तो देखा कि मूर्छित हो रही है। आशंका बस लोगों ने समझा कि कोई बिषैला जंतु काट लिया है। आनन-फानन में तत्काल निजी अस्पताल ले गए। डॉक्टरों द्वारा जवाब देने पर अस्पताल में ले गए जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# रिक्त सीटों को भरने के लिए होगी परीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय रयॉ, भदोही में शिक्षा सत्र 2021-22 में कक्षा 6 में रिक्त सीटों को भरने के लिए प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश लिया जाना है, जिसकी समय सारणी निमन्वत् है।आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 23 अगस्त 2021 तक, परीक्षणोरान्त पात्र आवेदकों की सूची प्रकाशन तिथि 30 अगस्त 2021, प्रवेश परीक्षा आयोजन की तिथि 02 सितंबर 2021, सफल छात्रों की सूची का प्रकाशन एवं प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ तिथि 10 सितंबर 2021 से कक्षा 6 में प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र / अभिभावक एवं संरक्षक निर्धारित आवेदन पत्र विद्यालय से किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 11 अगस्त से 23 अगस्त तक प्राप्त एवं जमा कर सकते हैं ।प्रवेश हेतु रिक्त सीटों के संबंध में कक्षावार, वर्गवार विस्तृत जानकारी पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय रयॉ, भदोही से प्राप्त किया जा सकता है।

## भरण पोषण प्राधिकरण में राष्ट्रीय लोक अदालत 11 सितंबर को

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि अभिभावक एवं वरिष्ठ नागरिक भरण- पोषण एवं कल्याण अधिनियम- 2007 के अंतर्गत गठित भरण- पोषण प्राधिकरणों में राष्ट्रीय लोक अदालत 11 सितंबर 2021 को जनपद के समस्त तहसीलों में सुलह अधिकारी नियुक्त हैं, वहां पर उप जिला अधिकारी की उपस्थिति में प्राधिकरणों में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित किए जाएंगे। अतः अभिभावक एवं वरिष्ठ नागरिकों से अनुरोध है कि वह अपनी समस्याएं कि 11 सितंबर 2021 को आयोजित होने वाले समस्त तहसीलों के राष्ट्रीय लोक अदालत में अपना पक्ष रखने का कष्ट करें ताकि उनकी समस्याओं का निराकरण सुलह समझौता सुला अधिकारी उप जिलाधिकारी द्वारा आयोजित लोक अदालत ने कराया जा सके।

## ओवरलोड बगैर प्रपत्र खनिज परिवहन कर रहे दो ट्रक सीज

**अखंड भारत संदेश**

**घूरपुर।** लगातार अवैध खनन ओवरलोड ट्रकों की परिवहन की सूचना पर सोमवार की रात एसओ घूरपुर ने वाहनों की जांच की तो ट्रक ओवर लोड अवैध खनन सामग्री लादकर बिना प्रपत्र के जा रहे दो ट्रकों को पकड़ कर सीज कर दिया। बारा क्षेत्र से अवैध खनन सामग्री लादकर निकल रहे बिना प्रपत्र परिवहन कर रहे वाहनों की जांच एसओ घूरपुर राजेश उपाध्याय ने सोमवार की रात की तो दो चौदह चक्का ट्रक ओवर लोड सिल्कासेंड लादकर निकलते दिखे ।जिसे पुलिस ने रोक कर परिवहन करने का प्रपत्र मांगा तो चालक नहीं दिखा पाए । पुलिस ने दोनों ट्रकों को सीज करते हुए खनन व परिवहन विभाग को कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेज दी है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल, नाजुक

**अखंड भारत संदेश**

**घूरपुर।** इलाक़े के इरादतगंज हाईवे पर एक बेकाबू कार ने बुलेट में टक्कर मार दी। जिससे बुलेट सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।मंगलवार की शाम मध्य प्रदेश के चाकघाट निवासी प्रमोद तिवारी 45 वर्ष प्रयागराज शहर से वापस चाकघाट बुलेट से जा रहे थे कि जैसे ही बादलगंज हाईवे के रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे कि पीछे से तेज रफ्तार आ रही बेकाबू कार ने बुलेट में टक्कर मार दिया। जिससे बुलेट सवार हाईवे पर छिटक गिर गंभीर रूप से घायल हो गया। और कार मौक़े से भाग निकली।आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को इलाज के लिए जसरा सीएचसी के गई। जहां गंभीर हालत देख प्राथमिक इलाज कर एसआरएन के लिए रिफर कर दिया।

## कोल समुदाय आज भी राजनैतिक उपेक्षा का शिकार : विद्यायाकान्त कोल

**अखंड भारत संदेश**

**घूरपुर।** कोल समाज प्राचीन काल से ही जल जंगल जमीन के नारे को बुलंद करने के साथ ही प्रकृति की रक्षा करते आ रहें हैं। आदिवासी वर्ग आज भी सरकार की विभिनन्‍ योजनाओं से वंचित हैं इसका मुख्य कारण शिक्षा का अभाव प्रमुख कारण माना जा सकता हैं विभिनन्‍प्रकार की चुनौतियों का सामना करने के पश्चात भी आदिवासी वर्ग सदैव प्रकृति, पर्यावरण की रक्षा करता आ रहा हैं उक्त बातें युवा समाजसेवीं एवम अपना दल कमेरावादी के नेता विद्याकान्त



कोल क्षेत्र चकसंगत दास मे आयोजित विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर बतौर मुख्य वक्ता के रूप मे युवाओं को सम्बोधित कर रहें थे आगे श्री विद्याकान्त नें यह भी बोले कि देश के मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखण्ड समेत अन्य राज्यों मे बहुतायात मात्रा मे आदिवासी वर्ग हैं किन्तु शिक्षा के अभाव के कारण आदिवासी युवा मुख्य धारा से काफी दूर हैं जिसके वजह से कोल समुदाय का समुचित विकास नहीं हों पा रहा हैं। आदिवासी वर्ग को सर्वप्रथम अधिक से अधिक मात्रा मे तालीम लेने की आवश्यकता हैं साथ ही राजनीति मे सक्रिय रूप से भागीदारी आवश्यक हैं जब तक कोल समाज वर्ग सक्रिय राजनीति मे भाग नहीं लेंगें तब तक विकास संभव नहीं हैं।इस अवसर युवा समाजसेवीं विद्याकान्त कोल मौजूद लोगों से अधिक से अधिक मात्रा मे वृक्षारोपण एवम जलसंरक्षण पर भी सकारात्मक पहल बढ़ाने के लिए भी आग्रह किये। इस अवसर पर महेंद्र सिंह कोहली छीड़ी, जगदीश कोल छिपिया, मनन्‍ू कोल, पूजा कोल, बिरवल सूरज कोल बांके बिहारी कोल आदि लोग मौजूद रहें।

# रमाकांत विश्वकर्मा बने किसान मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष काशी क्षेत्र

### भाजपा पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं में उत्साह, स्वागत कर दी शुभकामनाएं

**अखंड भारत संदेश**

**घूरपुर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष ने सोमवार देर रात किसान मोर्चा क्षेत्रीय पदाधिकारियों युवा मोर्चा के जिला मंत्री, जिला उपाध्यक्ष और जिला महामंत्री आदि के दायित्वों से राजनैतिक कैरियर की शुरूआत कर पूर्व जिला महामंत्री इलाहाबाद,पूर्व क्षेत्रीय सदस्य काशी क्षेत्र का निर्वहन करने वाले वरिष्ठ भाजपा नेता रमाकांत विश्वकर्मा को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा काशी क्षेत्र का ठक्षेत्रीय उपाध्यक्षठ काशी क्षेत्र अध्यक्ष काशी नाथ तिवारी ने घोषित करते हुए सोमवार देर रात लिस्ट जारी की तो जिले के पदाधिकारियों और कार्यकताओं मे खुशी की लहर दौड़ पड़ी। मंगलवार के दिन दर्जनों भाजपा के वरिष्ठ नेताओं सहित कार्यकर्ता नव नियुक्त क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमाकांत विश्वकर्मा के आवास पर पहुंच फूल मालाओं से स्वागत कर एक-दूसरे को बधाई देते हुए मुंह मीठा कराकर



शुभकामनाऐं दी। जिलाध्यक्ष विभव भारती ने कहा कि रमाकांत विश्वकर्मा जी सदैव हम सभी के मार्ग दर्शक रहें हैं। आगे कहा कि यह ज़िम्मेदारी उन्हें सौंपने के लिए क्षेत्रीय व प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं। वही नवनियुक्त क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमाकांत विश्वकर्मा ने कहा पार्टी जब जो जिम्मेदारी सौंपती है उसे बिना छोटा बड़ा देखें कार्यकर्ता को केवल निर्वहन करना चाहिए। बधाई देने वालों मे जिला उपाध्यक्ष संतोष त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, नीरज केसरवानी, जगत शुक्ला, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष नन्देश्वर नाथ त्रिपाठी, प्रकाश शुक्ला प्रंचड़, उपाध्यक्ष जय सिंह, तेजवली यादव, संजय विश्वकर्मा, जिला मंत्री कमलेश त्रिपाठी,पवन विश्वकर्मा, वेदेश दत्त,राज कुमार मिश्र,अनूप शर्मा,प्रदीप कुमार मिश्र,सुभाष सिंह पटेल आदि कार्यकर्ताओ ने बधाइ्‍या देकर फूल मालाओ से लाद दिया।

## नवाबगंज पुलिस ताबड़तोड़ कार्रवाई लगातार जारी वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**प्रयागराज।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी द्वारा चलाए जा रहे अभियान अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना नवाबगंज योगेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में नवाबगंज पुलिस ने मंगलवार को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 152/21 धारा 363/ 366 में नामजद वांछित अभियुक्त बाबू उर्फ नौशाद पुत्र मुनन कुरैशी और ताहिद उम्र 22 वर्ष निवासी इमामगंज लाल गोपालगंज थाना नवाबगंज जनपद प्रयागराज को पुलिस बूथ तिराहा लालगोपालगंज से समय 11:05 मुझे गिरफ्तार किया। विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को जेल भेजा गया, गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक धीरेंद्र कुमार सिंह चौकी प्रभारी लाल गोपाल गंज ,कांस्टेबल ओम प्रकाश सिंह व कांस्टेबल संजय कुमार शामिल रहे।

# सांसद के प्रतिनिधि ने बाढ़ ग्रस्त गांवो का दौरा कर दी राहत सामग्री

**अखंड भारत संदेश**

**घूरपुर।** सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी के प्रतिनिधि संत प्रसाद पांडेय ने मंगलवार को बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया तथा पीड़ित परिवारों से मिलकर के जहां उन्हें सुविधा मुहैया कराई वहीं पर स्थित की जायजा लेकर के सांसद जी को अवगत कराया।

प्रयागराज की सांसद डॉ रीता जोशी के प्रतिनिधि संत प्रसाद पांडे ने मंगलवार के दिन बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र बीकर , भीटा, कंजासा, बीरवल आदि गांव का दौरा किया। पीड़ित परिवार को सरकार द्वारा मिलने वाली हर सहायता को तत्काल उपलब्ध कराए जाने का भरोसा दिया। उन्होंने लोगों के लिए बनाए गए राहत शिविर का भी निरीक्षण किया तथा बाढ़ ग्रस्त परिवारों को भोजन सामग्री भी उपलब्ध कराई । संत प्रसाद पांडेय ने अपने साथ तहसीलदार ओम प्रकाश शुक्ला को भी पूरी स्थित दिखाई। तथा लोगों



को तत्काल शासन द्वारा मुहैया कराए गए राहत सामग्री के साथ चिकित्सा तथा आर्थिक सहयोग कराए जाने की बात कही । पांडेय ने बताया कि कंजासा गांव में 5 परिवार अशोक , लक्खू , कमलेश , धीरज , दिनेश बाढ़ से काफी ज्यादा प्रभावित हैं । जिन्हें वहां से किसी तरह निकाल कर के राहत शिविर में पहुंचाया गया । उन्होंने गांव के अन्य लोगों को भी घर छोड़ कर के राहत शिविर में आने के लिए कहा । इस मौक़े पर तहसीलदार ओम प्रकाश शुक्ला तथा अनिल मिश्रा , प्रधान दिनेश कुमार , निर्मला निषाद , विनोद सिंह, कमलेश सिंह , राजन मिश्रा ,और जियालाल आदि लोग मौजूद रहे।

# बाढ़ के दौरान पिकनिक स्पॉट बना सुजावन देव यमुना तट

### बाढ़ का प्राकृतिक लुफ्त उठाने पहुंच रहे क्षेत्रीय सहित भारी संख्या में शहरी

**अखंड भारत संदेश**

**घूरपुर।** पौराणिक धार्मिक आस्था के केंद्र सुजावन देव यमुना तट बाढ़ के दौरान पिकनिक स्पॉट बन गया है। यमुना के उफान मे पानी से घिरे धारा के पहाड़ी के उपर स्थित सुजावन देव मंदिर की आकर्षणता और मंदिर के पहाड़ और जिभिया से बाढ़ का टकराती उमड़ती लहर और उसकी निकलने वाली पानी की आवाज लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। क्षेत्रीय सहित शहरियों की भारी संख्या में परिजन सहित लोग पिकनिक मनाने पहुच रहे हैं। घूरपुर के देवरिया भीटा स्थित सुजावन देव मंदिर पर वैसे तो हमेशा श्रद्धालुओ की भीड़ लगती है। लेकिन यमुना बाढ़ के दौरान उक्त स्थान आकर्षण का केंद्र बन जाता है। धारा में स्थित सुजावन देव मंदिर का आधे से अधिक भाग यमुना के उफान में डूब गया है। बाढ़ का पानी टकराने के बाद उठती लहर और यमुना तट से लेकर तट के उपर तक विभिनन्‍ प्रकार के बड़े बड़े चट्टान और पहाड़ से बाढ़ का पानी टकराने से उठती लहर अपने आप में देखना प्रकृति का एक अनोखा और अदभुत दृश्य लोगों को आकर्षित करता है। प्रकृति के इस दृश्य का लुत्फ उठाने के लिए



शहरियों का अत्यधिक भीड़ लगता है। लोग परिवार सहित पिकनिक मनाने पहुच रहे हैं। तट पर विभिनन्‍प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों की दुकानें भी सज गई है।

**सेल्फी और प्राकृतिक बाढ़ दृश्यों को कैमरे में कर रहे कैद**

बाढ़ और सुजावन देव मंदिर सहित विभिनन्‍ आकार लिए बड़े बड़े पत्थरों और चट्टानों के साथ प्राकृतिक सौंदर्यता को लोग अपने कैमरों में कैद कर रहे है। सेल्फी भी खूब लिए जा रहे है। सुजावन तट पर पहुंचें लोग घंटो बैठ घूमकर आनंद ले रहे हैं।

**बीकर के जिभिया पर भी पहुंच रहे लोग**

सुजावन देव मंदिर से चंद कदम दूर बीकर गांव के यमुना तट पर जीभ के आकार लिए लंबी चौड़ी पहाड़ी का 80 प्रतिशत भाग बाढ़ की पानी में डूब चुकी है। यमुना की तेज धारा जीभिया पहाड़ी से टकराने से पानी की उमड़ती लहर भी लोगों को खूब लुभा रही है। लोग वहां भी घंटो बैठकर लुत्फ़ उठा रहे हैं।

## अनन्त पार्थिव शिवलिंग निर्माण महायज्ञ सत्रहवें दिन भी लगातार जारी, कमल पुष्प से भगवान शिव का अभिषेक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सावन के 17वें दिन भी विश्व जन कल्याण, कोरोना महामारी से निजात एवं मनोकामना पूर्ति हेतु नैतिक विकास शोध संस्थान सेवा ट्रस्ट प्रयाग के तत्वाधान में जारी अनन्त पार्थिव शिवलिंग निर्माण महायज्ञ लगातार जारी रहा, श्री कृपासिंधु हनुमान (काले हनुमान) मन्दिर त्रिवेणी बाँध पर आज भक्तों ने पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण कर भगवान भोलेनाथ से आशीर्वाद माँगा। आज मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमहन्त जमुनापूरी जी महाराज मंत्री श्रीपंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी जी उपस्थित रहे। मुख्य यजमान के रूप में श्रीमती नीलम निषाद ने सपरिवार भगवान भोलेनाथ का कमल पुष्प से अभिषेक किया। यज्ञ स्थल पर शिवपुराण की कथा कहते हुए श्रीमहन्त यमुनापुरी जी महाराज ने कहा की वेदों और वेदान्त में लिंग शब्द सूक्ष्म शरीर के लिए आता है. यह सूक्ष्म शरीर 17 तत्वों से बना होता है. मन, बुद्धि, पाँच ज्ञानेन्द्रियां, पाँच कर्मेन्द्रियां और पाँच वायु. वायुपुराण के अनुसार प्रलयकाल में समस्त सृष्टि जिसमें लीन हो जाती है और पुनः सृष्टिकाल में जिससे प्रकट होती है उसे शिवलिंग कहते हैं. इस प्रकार विश्व की सम्पूर्ण ऊर्जा ही शिवलिंग की प्रतीक है। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष एवं यज्ञ संयोजक श्री श्याम सूरत पाण्डेय जी ने भक्तों से कहा कि सम्पूर्ण जग में भगवान शिव से ज्यादा सरल कोई और देवता नहीं और सावन मास में भगवान शिव को अत्यन्त सहज भाव से प्रसनन्‍ किया जा सकता है इसलिए सभी भक्तगण इस महायज्ञ में सम्मिलित होकर भगवान शिव की कृपा प्राप्त करें और अपने सभी मनोरथ पूर्ण करें। यज्ञ अनवरत जारी रहेगा।आज के अभिषेक आरती में मुख्य रूप से प्रमुख संरक्षक श्री फूलचन्द्र दुबे, श्री इं0 बी0 के0 पाण्डेय, राजनाथ तिवारी, राजेन्द्र तिवारी दुकानजी, महासचिव सत्य प्रकाश पाण्डेय, रामनारायण पाण्डेय, आशा पाण्डेय, योगिराज देवरहा जंगल बाबा, लक्ष्मीकांत तिवारी, श्रवण दुबे, धर्मेन्द्र गिरी, प्रभाकर मिश्र बनकटा, शोभित मिश्रा सोमू सहित सैकड़ों भक्त गण उपस्थित रहे।



# सत्ता के लिए भाजपा कुछ भी कर सकती : अनुग्रह

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह ने भाजपा पर कुर्सी के लिए देश की संस्कृति नष्ट करने का आरोप लगाया है । अगस्त क्रान्ति के मौके पर उत्तरी क्षेत्र के 'भाजपा गद्दी छोड़ों ' मार्च के मौके पर सभा में सिंह ने कहा कि पीएम मोदी के इशारे पर साबरमती आश्रम को नष्ट करना राष्ट्रपिता बापू का अपमान है । देश में राज्यों के झगड़ों से अराजकता का माहौल है । मोदी एवं योगी से इस्तीफे की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के कुशासन के कारण लूट, हत्या, बलात्कार और डकैती की घटनाओं में जबरदस्त इजाफा हुआ है । महंगाई ,बेरोजगारी, किसानों और महिलाओं के उत्पीड़न के अलावा पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दामों में बेतहाशा वृद्धि ने लोगों की कमर तोड़ दी है । सभी मोर्चों पर विफल सरकार को सत्ता में बने रहने का अधिकार नहीं । कांग्रेस ने मार्च और प्रदर्शन करके सरकार को चेताने का काम किया है । इसके पूर्व अंग्रेजों भारत छोड़ो का आवाहन करने वाले महात्मा गाँधी और प्रथम पीएम पंडित नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आनंद भवन से मार्च की शुरुआत हुई । जो कर्नेलगंज , कटरा से होते जिला कलेक्टोरेट पर समाप्त हुई । प्रभारी प्रदेश सचिव राघवेंद्र प्रताप सिंह, शहरअध्य अनवर, प्रदीप अंशुमतिवारी, फुज़ैल हाशमी, अक्षय याद

व, तस्लीमउददीन, भारत भूषण, प्रदीप द्विवेदी, इशरत चाँद, सुधीर दीक्षित, मकसूद रिजवी, ाानूप सिंह, परवेज़ सिद्दीकी, जावेद उर्फी, आलोक पाण्डेय, मो0 असलम, अनिल कुशवाहा , अरशद अली, अंजुम नाज़, रजिया सुल्तान, प्रेम जी अग्रव थे।

## सम्पादकीय

### तालिबान ने बढ़ाई चिंता

तालिबान इसलिए ऐसा कर पा रहा है क्योंकि उसे पाकिस्तान का समर्थन हासिल है। अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी यह बात पहले स्पष्ट रूप से कह चुके हैं, लेकिन पाकिस्तान सरकार इससे इनकार करती आई है। भारत की अध्यक्षता में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अफगानिस्तान मसले पर हुई बैठक ने और कुछ किया हो या न किया हो, इसने पूरी दुनिया के सामने यह जरूर स्पष्ट कर दिया कि वहां जल्द हालात को नियंत्रित करना कितना जरूरी है। अगर ऐसा नहीं किया गया तो अफगानिस्तान निकट भविष्य में दुनिया के लिए नया सिरदर्द साबित हो सकता है। भारत को नियमित प्रक्रिया के तहत सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभाले एक सप्ताह भी नहीं हुआ था कि यह बैठक हुई, जबकि इस महीने के तय कार्यक्रम में इसका जिक्र नहीं था।असल में यह आपात बैठक अफगानिस्तान के विदेश मंत्री के विशेष आग्रह पर बुलाई गई। इसमें जिस तरह की गंभीर चर्चा हुई, उससे साफ है कि व्यापक वैश्विक समाज अफगानिस्तान के घटनाक्रम को लेकर चिंतित है। अमेरिका के अपने सैनिकों को वापस बुलाने के बाद वहां उपजे शून्य को तालिबान ने एक अवसर के रूप में लिया है। वह ताकत के बल पर अफगानिस्तान के अधिक से अधिक हिस्से पर कब्जा कर रहा है। इसी वजह से वहां से बड़े पैमाने पर लोग पलायन कर रहे हैं और शरणार्थियों का एक संकट भी खड़ा हो रहा है।

तालिबान इसलिए ऐसा कर पा रहा है क्योंकि उसे पाकिस्तान का समर्थन हासिल है। अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी यह बात पहले स्पष्ट रूप से कह चुके हैं, लेकिन पाकिस्तान सरकार इससे इनकार करती आई है। सुरक्षा परिषद की बैठक में भी अफगान प्रतिनिधि ने कहा कि तालिबान लड़ाके अफगानिस्तान में प्रवेश के लिए डुरंड रेखा के पास इकट्ठा हो रहे हैं। पाकिस्तान में तालिबान के लिए फंड जुटाने की खातिर इवेंट आयोजित किए जा रहे हैं। वहां के अस्पतालों में घायल तालिबानों का इलाज भी हो रहा है। ऐसे न जाने कितने सबूत हैं कि पाकिस्तान के इस इनकार का कोई मतलब नहीं रह जाता।बैठक में अमेरिका का यह साफ करना भी महत्वपूर्ण है कि तालिबान को अंतरराष्ट्रीय बिरादरी की बात सुननी ही होगी और किसी भी सूरत में अफगानिस्तान पर उसके सैन्य कब्जे को या तालिबान के इस्लामी अमीरात की वापसी को स्वीकार नहीं किया जाएगा। वैसे अफगानिस्तान के सवाल पर रूस की अगुआई में एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को भी होनी है, जिसमें चीन, पाकिस्तान और अमेरिका के भी शामिल होने की संभावना है। देखना होगा कि सुरक्षा परिषद की बैठक में जो बातें हुईं, उसका इस मीटिंग में क्या असर होता है। यह बात भी समझनी होगी कि अफगानिस्तान के सभी पक्षों के बीच बातचीत का मकसद राजनीतिक सुलह पर सहमति है। अमेरिका, चीन और रूस जैसे देशों को इसके लिए पूरा जोर लगाना चाहिए। उन्हें इसके लिए तालिबान पर दबाव बनाना होगा, जो ताकत बढ़ने के साथ पर इससे मुकर भी सकता है। अगर ऐसा नहीं किया गया तो तालिबान के कब्जे वाला अफगानिस्तान फिर से वैश्विक आतंकवाद को पनाह दे सकता है।

# मुश्किल नहीं ओलिंपिक में 50 मेडल लाना

**आनंद प्रधान**

कोरोना महामारी की छाया में हुए तोक्यो ओलिंपिक में भारत का प्रदर्शन हमारी उम्मीदों से कम, लेकिन रियो ओलिंपिक से काफी बेहतर रहा। भारत ने कुल 7 पदक (एक स्वर्ण, दो रजत और 4 कांस्य) हासिल किए और दुनिया में उसे 48वीं पोजिशन मिली। तोक्यो में कई खिलाड़ियों ने उम्मीदों से कहीं बेहतर प्रदर्शन किया। जेवलिन थ्रो में नीरज चोपड़ा ने तो चमत्कार-सा कर दिया। लंबे अरसे बाद हॉकी की महिला और पुरुष टीमों ने नई उम्मीद जगाई, लेकिन कुल मिलाकर हम अपनी क्षमताओं से बहुत पीछे रह गए।

क्या तोक्यो ओलिंपिक से यह उम्मीद जगती है कि हम 2024 के पैरिस ओलिंपिक में 50 मेडल जीतने का लक्ष्य हासिल कर पाएंगे? चौंकिए मत, नीति आयोग ने साल 2016 में एक 20 सूत्री कायर्योजना बनाकर 2024 ओलिंपिक तक 50 पदक जीतने का लक्ष्य तय किया था। भारतीय खिलाड़ी 2016 के रियो डी जेनेरियो ओलिंपिक के बाद से ही इसके लिए कड़ी मेहनत कर रहे थे और तोक्यो ओलिंपिक में भारत की ओर से गए 120 ऐथलीटों की टीम से देश को काफी उम्मीदें थीं। इस पर महामारी का भी असर हुआ। इसके बावजूद लग रहा था कि हमारे खिलाड़ी तोक्यो ओलिंपिक में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। तोक्यो में हमारे खिलाडि़यों ने यह आस पूरी की और देश का गौरव बढ़ाया। इसमें भी कोई शक नहीं कि ओलिंपिक खेलों में मेडल नहीं बल्कि खेल भावना के साथ भागीदारी करना सबसे ज्यादा मायने रखता है। भारत इन खेलों में इसी खेल और भागीदारी की भावना के साथ हिस्सा लेता आया है, लेकिन काफी हद तक यह मन बहलाने की बात भी है। ओलिंपिक खेलों की भावना यह भी है- और तेज, और ऊंचे, और मजबूत! आखिर यह खेलों की प्रतियोगिता जो है। आखिर कौन खिलाड़ी हारने के लिए मैदान या ट्रैक पर उतरता है?

हम ओलिंपिक खेलों में अपने प्रदर्शन को और तेज, और ऊंचा, और मजबूत क्यों नहीं कर पा रहे हैं? इसके लिए देश में ग्रासरूट स्तर पर विश्व-स्तरीय और आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी, प्रतिभाओं की पहचान और प्रोत्साहन के लिए जरूरी व्यवस्था का अभाव, खेलों पर केंद्र और राज्य सरकारों का मामूली खर्च और राजनीति तथा नौकरशाही में जकड़े खेल संघ जैसे कई कारण जिम्मेदार हैं। लेकिन सबसे बड़ा कारण यह है कि खेल हमारी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में कहीं नहीं है। खुद पूर्व खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौर ने 2018 में लोकसभा में माना था कि भारत खेलों पर हर दिन प्रति व्यक्ति सिर्फ तीन पैसे खर्च करता है। इसकी तुलना में जमैका हर दिन प्रति व्यक्ति 19 पैसे, ब्रिटेन हर दिन प्रति व्यक्ति 50 पैसे, चीन हर दिन प्रति व्यक्ति 6.10 रुपये यानी भारत से 200 गुना ज्यादा और अमेरिका हर दिन प्रति व्यक्ति 22 रुपये यानी भारत से 733 गुना



ज्यादा खर्च करता है। सवाल यह है कि हर दिन प्रति व्यक्ति सिर्फ तीन पैसे खर्च करके हम ओलिंपिक में चमत्कार की उम्मीद क्यों करते हैं?

नीति आयोग की 2016 की एक रिपोर्ट कहती है कि भारतीय खेल प्राधिकरण जिन 26 प्रतियोगिताओं में 1676 युवा खिलाड़ियों को ओलिंपिक और दूसरी अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं के लिए प्रशिक्षित कर रहा था, उन पर प्रति खिलाड़ी खर्च सिर्फ 12000 रुपये सालाना था। रही-सही कसर क्रिकेट को लेकर पागलपन की हद तक पहुंचा हमारा प्रेम पूरा कर देता है, जिसकी छाया में किसी और खेल का पनपना मुश्किल है।

इससे भी बड़ी बात यह है कि देश में खेल संस्कृति सिरे से गायब है। यहां खेल संस्कृति का मतलब यह है कि देश में खेल परिवारों और स्कूलों-कॉलेजों-दफ्तरों के दैनिक जीवन का अहम हिस्सा हो। स्वस्थ और फिट रहने के लिए खेल बच्चों-युवाओं-बूढ़ों की रोजाना की दिनचर्या में शामिल हों, खेलों को सम्मान से देखा और जरूरी समझा जाता हो। आम लोग खेलों के दर्शक और चीयरलीडर्स भर न हों बल्कि वे सक्रिय भागीदार हों। जहां ऐसी चीजें होती हैं, वहां खेल संस्कृति फलती-फूलती और आम जनजीवन का हिस्सा बनती है। इस संस्कृति में ही अच्छे खिलाड़ी पैदा होते और मेडल लाते हैं।

हम उस देश के लोग हैं, जो ओलिंपिक में मेडल न मिलने पर खूब हायतौबा मचाते हैं, लेकिन अपने बच्चों खासकर लड़कियों को खेलने से रोकते हैं। जहां आम मध्यमवर्गीय परिवारों में बचपन से यह सिखाया जाता है कि 'पढ़ोगे-लिखोगे, होगे नवाब; खेलोगे-कूदोगे, होगे ख़राब', वहां मेडल जीतने वाले खिलाड़ी कहां से पैदा होंगे? आखिर हमारे कितने स्कूल-कॉलेजों में खेलों को पढ़ाई के बराबर की जगह मिलती है?

असल में, ओलिंपिक में मेडल जीतने के लिए हमें अपने टैलंट पूल को बड़ा, समावेशी (इन्क्लूसिव) और विविधतापूर्ण बनाना होगा। इसके लिए देश को अपने बच्चों और युवाओं के पोषण और स्वास्थ्य में भारी निवेश करना होगा। सामंती और पितृसत्तात्मक मानसिकता से लड़ना पड़ेगा। खेलों को खास से आम बनाना होगा। खेलों को देश के हर छोटे-बड़े शहरों, कस्बों और गांवों तक और देश के हर कोने, समुदाय और समूहों तक ले जाना होगा। खेलों को आंदोलन में बदलना होगा। यह देश में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित किए बिना संभव नहीं है।

यही नहीं, खेल संस्कृति के लिए यह भी उतना ही जरूरी है कि सरकारें हाइवे-हवाई अड्डे-बिजलीघर-मेट्रो जैसे इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट की योजनाएं बनाते हुए उतनी ही शिद्दत के साथ देश के शहरों और गांवों के क्लस्टरों में खुले पार्क, जिम, खेल के मैदान, स्टेडियम और प्रशिक्षण अकादमियां बनाना अनिवार्य करें। हो यह रहा है कि शहरों और कस्बों से लेकर स्कूलों-कॉलेजों-यूनिवर्सिटियों में खेल के मैदान और पार्क सबसे पहले रीयल एस्टेट और इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रॉजेक्टस की भेंट चढ़ रहे हैं। खेल के मैदान और पार्क बनाना और उनका रख-रखाव करना हमारे नगर और जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं में सबसे नीचे है। ऐसे में, हमें मेडल ला सकने वाले खिलाड़ी नहीं मिल रहे हैं और ओलिंपिक में हमारा प्रदर्शन निराशाजनक बना हुआ है तो इसे लेकर हम हैरान क्यों होते हैं?

# समझौते की मेज पर भारत की एक और हार

**ब्रजकिशोर सिंह**

मित्रों, जब 2014 का लोकसभा का चुनाव प्रचार चल रहा था तब भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी बार-बार एक बात का वादा अपने भाषणों में किया करते थे कि अगर उनकी सरकार बनी तो भारत न तो किसी देश के आगे आँखें झुकाकर बात करेगा, न ही आँखें दिखाकर बात करेगा बल्कि आँखों में आँखें डालकर बात करेगा. तब लोगों ने समझा था कि उनका इशारा चीन की तरफ है. लेकिन आज जब लद्दाख में भारत और चीन की सेनाएं एक साल के तनाव के बाद वापसी कर रही है तब दूसरा ही मंजर देखने को मिला है.

मित्रों, दरअसल भारत वार्ता की मेज पर एक बार फिर से हार गया है जबकि रणनीतिक रूप से भारत की स्थिति चीन के मुकाबले कहीं ज्यादा मजबूत थी. सैन्य मामलों के जानकार और विशेषज्ञों ने चीन के साथ हुए भारत के उस समझौते पर सवाल उठाए हैं जिसमें भारत ने अपने अधिकार क्षेत्र वाले पूर्वी लद्दाख में पैंगोंग झील के उत्तर और दक्षिणी तट पर 10 किलोमीटर चौड़े बफ़र ज़ोन को बनाने के लिए सहमति दे दी है. जानकारों का कहना है कि डेपसांग और कुछ अन्य सक्टरों में भी डिस्इंगेजमेंट को लेकर भारत को चीन पर दबाव बनाना चाहिए था और ऐसा नहीं करके भारत ने बहुत बड़ी चूक कर दी है क्योंकि कूटनीतिक और सैन्य दृष्टि से यह क्षेत्र भारत के लिए बेहद अहम है. यह वही क्षेत्र है, जहां माना जाता है कि चीन की सेना भारत के अधिकार वाले क्षेत्र में 18 किलोमीटर तक अंदर प्रवेश कर गई है

मित्रों, रक्षा मामलों के जानकार और कर्नल (सेवानिवृत्त) अजेय शुक्ला ने इस संबंध में बीबीसी से बात की. चीन के साथ बफ़र ज़ोन को बनाने को लेकर हुए समझौते पर बीबीसी से बातचीत में उन्होंने कहा- ङ्गमेरी समझ में ये एक अच्छा अग्रीमेंट है क्योंकि पैंगोंग के उत्तर और दक्षिण, दोनों जगह भारत और चीन के सैनिक बिल्कुल आमने-सामने थे. किसी भी समय झड़प की आशंका बनी हुई थी और वो झड़प सिर्फ़ झड़प ना रहकर बढ़ जाए, इसकी भी पूरी आशंका बनी हुई थी. इस लिहाज़ से ख़तरा हर समय बना हुआ था, तो वहां से दोनों ओर की सेनाओं का पीछे हटना अच्छी बात थी. लेकिन यहां ये भी कहना ज़रूरी है कि यहां पर दक्षिणी पैंगोंग ही एकमात्र ऐसी जगह थी जहां भारतीय सेना अच्छी पोज़िशन पर थी.ङ्ग वो कहते हैं, ङ्गचीन की सेनाओं की तुलना में इस जगह पर भारतीय सेना की स्थिति काफी अच्छी थी और यहां पर सारी एडवांटेज भारतीय सैनिकों के पास थी. तो यहां से डिस्इंगेजमेंट के लिए सहमति देने का मतलब अब यह है कि जो ट्रंप कार्ड हमारे हाथ में था, हम वो खेल चुके हैं. वो अब हमारे पास नहीं रहा है और अगर चीन ये बात नहीं मानता है कि बाकी जगहों से भी डिस्इंगेजमेंट करना है और वो उससे इनक़ार कर दे तो हमारे पास में कोई ट्रंप कार्ड नहीं बचा है। मित्रों, 10 फ़रवरी को भी उन्होंने एक ट्वीट किया था जिसमें उन्होंने पैंगोंग से जुड़ी घोषणाओं को लेकर सवाल उठाए थे. उन्होंने ट्वीट में कहा था - ङ्गपैंगोंग सेक्टर में सेनाओं के पीछे हटने को लेकर झूठ बोला जा रहा है. कुछ हथियारबंद गाडि़यों और टैंकों को पीछे लिया गया है. सैनिकों की पोज़िशन में कोई बदलाव नहीं हुआ है. चीन को फ़िंगर 4 तक पेट्रोलिंग करने का अधिकार दे दिया गया है. इसका मतलब यह है कि एलएसी फ़िंगर 8 से फ़िंगर 4 पर शिफ़्ट हो गई है।

मित्रों, राज्यसभा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुब्रमण्यम स्वामी ने भी इस संबंध में ट्वीट करके अपना मत ज़ाहिर किया है. उन्होंने लिखा है, ङ्गसाल 2020 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि कोई आया नहीं और कोई गया नहीं. चीन के लोग बहुत खुश हुए थे. लेकिन ये सच नहीं था. बाद में नरवणे ने सैनिकों को आदेश दिया कि वे एलएसी पार करें और पैंगोंग हिल को अपने कब्ज़े में लें. ताकि पीएलए के बेस पर नज़र रखें. और अब हम उन्हें वहां से हटा रहे हैं. लेकिन डेपसांग से क्या चीन पीछे हट रहा है? नहीं अभी नहीं। मित्रों, इससे पूर्व चीन के साथ चल रहे सीमा विवाद पर मौजूदा जानकारी देते हुए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सदन में कहा था कि भारत ने हमेशा चीन को यह कहा कि द्विपक्षीय संबंध दोनों पक्षों के प्रयास से ही विकसित हो सकते हैं. साथ ही सीमा के प्रश्न को भी बातचीत के ज़रिए ही हल किया जा सकता है. वास्तविक नियंत्रण रेखा पर शांति में किसी भी प्रकार की प्रतिकूल स्थिति का बुरा असर हमारी द्विपक्षीय बातचीत पर पड़ता है. उन्होंने कहा था कि ङ्गटकराव वाले क्षेत्रों में डिस्इंगेजमेंट के लिए भारत का यह मत है कि 2020 की फ़ॉरवर्ड डेपलॉयमेंट्स (सैन्य तैनाती) जो एक-दूसरे के बहुत नज़दीक हैं, वो दूर हो जायें और दोनों सेनाएं वापस अपनी-अपनी स्थायी चौकियों पर लौट जाएं.ङ्ग राजनाथ सिंह ने दोनो सेनाओं के कमांडरों के बीच हुई बातचीत का भी ज़िक्र किया था. राजनाथ सिंह ने कहा था, ङ्गअभी तक सीनियर कमांडर्स के स्तर पर नौ दौर की बातचीत हो चुकी है. हमारे इस दृष्टिकोण और बातचीत के फ़लस्वरूप चीन के साथ पैंगोंग त्सो झील के उत्तर और दक्षिण छोर पर सेनाओं के पीछे हटने का समझौता हो गया है.ङ्ग उन्होंने सदन में यह स्पष्ट शब्दों में कहा था कि - इस बातचीत में हमने कुछ भी खोया नहीं है. जबकि सच तो यह है कि भारत ने समझौते में रणनीतिक चोटियों पर से अपना पोजिशन खोया है भले ही समझौते में जमीन खोने का जिक्र नहीं हो लेकिन सच तो यह है कि चीन ने पहले भारतीय क्षेत्र में अतिक्रमण किया और फिर यथास्थिति को औपचारिक रूप देते हुए भारत पर बफर जोन थोप दिया. सच तो यह है कि यह एक एकतरफा समझौता है जिसमें चीन की दोहरी-तिहरी जीत हुई है। पहली- गलवान सौदा एलएसी में थोड़े बदलाव के साथ तीन किमी चौड़ा बफर जोन बनाता है। भारत अपने पैट्रोलिंग प्वाइंट (पीपी) 14 तक पहुंच खो देता है। दूसरी- पैंगॉन्ग सौदा भारत को रणनीतिक कैलाश हाइट्स को खाली करने के लिए मजबूर करता है, जबकि तीसरी- गोगरा सौदा पांच किमी का बफर बनाता है, जिससे भारत पीपी-17 ए तक पहुंच खो देता है। मित्रों, इस बारे में रक्षा मामलों के विशेषज्ञ ब्रह्म चेलानी भी रक्षा मंत्री से सहमत नहीं हैं। उन्होंने इस मामले में ट्वीट किया है, ङ्गकिसी भी सौदे में कुछ दिया जाता है और कुछ लिया जाता है. लेकिन भारत ने चीन के साथ जो समझौता (पैंगोंग इलाक़े को लेकर) किया है वो बेहद सीमित है.ङ्ग रणनीतिक और सामरिक मामलों के विशेषज्ञ ब्रह्म चेलानी कहते हैं कि दो देशों के बीच समझौते लेन-देन पर आधारित होते हैं. लेकिन चीन के साथ भारत का समझौता केवल पैंगोंग इलाक़े तक सीमित है, और भारत की पेशकश है. ऐसा लगता है कि सदियों से पहले चीन ने जो शर्तें रखी थीं भारत ने उसे मान लिया है और पैंगोंग इलाक़े को लेकर समझौता कर नो मैन्स लैंड बनाने पर तैयार हो गया है. एक अन्य ट्वीट में उन्होंने सवाल किया, ङ्गचीन के आक्रामक रवैये के ख़िलाफ़ भारत खड़ा रहा है और उसने दिखाया है कि वो युद्ध की पूरी तैयारी के साथ भारत हिमालय की सदियों के मुश्किल हालातों में भी डटा रह सकता है. ऐसे में बड़े मुद्दों का हल तलाश करने की जगह अपनी मुख्य ताक़त कैलाश रेंज कंट्रोल को हारने को लेकर इस तरह के एक सीमित समझौते के लिए भारत क्यों तैयार हुआ। मित्रों, समझ में नहीं आता कि भारत चीन के समक्ष क्यों झुका? क्या अमेरिका में सत्ता परिवर्तन ने मोदी को हिला कर रख दिया, या फिर रूस की तरफ से कोई दबाव था, या फिर अफगानिस्तान की मौजूदा हालत ने मोदी के हाथ-पाँव फुला दिए? कहाँ गयी वो आँखें जो चीन की आँखों-में आँखें डालकर बात करनेवाली थीं? कहाँ हैं उस कविता के कटे-फटे पृष्ठ जिसको मोदी ने जनता को लुभाने के लिए कभी पढ़ा था-मैं देश नहीं झुकने दूंगा, मैं देश नहीं बिकने दूंगा? माननीय रक्षा मंत्री जी से हमें न तो पहले उम्मीद थी और न अब है क्योंकि वे तो सिर्फ कड़ी निंदा करना जानते हैं।

# यूपी में जाति आधारित जनगणना की माँग इसलिए कर रहे हैं राजनीतिक दल

**अजय कुमार**

पश्चिम उत्तर प्रदेश की कुल आबादी का 15 फीसदी होने की वजह से जाट वोटर हमेशा निर्णायक रहते हैं। यहीं से पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और किसान नेता महेन्द्र सिंह टिकैत जैसे किसान नेता भी निकले थे, जिनके सामने सरकारों नतमस्तक नजर आती थीं।

उत्तर प्रदेश में जातीय जनगणना कराए जाने की मांग लगातार जोर पकड़ती जा रही है। भाजपा को छोड़कर सभी दल जातीय जनगणना की सियासत में हाथ-पैर मार रहे हैं। पहले तो छोटे-छोटे दल जिनका आधार ही जातीय वोट बैंक है, वह जातीय जनगणना की मांग कर रहे थे, लेकिन अब समाजवादी पार्टी भी इसके पक्ष में खुलकर बोलने लगी है। सबकी नजर पिछड़ा वर्ग के वोट बैंक पर लगी है, जबकि भारतीय जनता पार्टी इस मुद्दे पर बैकफुट पर नजर आ रही है। वह न तो हाँ कह रही है न ही उसके द्वारा इससे इंकार किया जा रहा है। वहीं जाति आधारित जनगणना का समर्थन जेडीयू के नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ-साथ एनडीए के अन्य सहयोगी दल हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख जीतन राम मांझी और महाराष्ट्र के नेता रामदास अठावले भी कर चुके हैं। हालांकि भारतीय जनता पार्टी का मानना है कि जाति आधारित जनगणना से हिंदू समाज में मतभेद हो सकते हैं और सामाजिक सद्भाव बिगड़ सकता है इसलिए फिलहाल जाति आधारित जनगणना की कोई जरूरत नहीं है।दरअसल बीजेपी का हिंदुत्व अब ओबीसी और अति पिछड़ी जातियों के सहारे चल रहा है, इसीलिए वह इस आग में नहीं कूदना चाहती है जबकि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यह कह कर पिछड़ा वर्ग समाज की सियासत में उबाल ला दिया है कि हमारी (समाजवादी) सरकार बनने पर प्रदेश में सबसे पहले जातीय जनगणना कराई जाएगी। अखिलेश यादव ने तो यहां तक दावा किया कि जातीय जनगणना के लिए सिर्फ 100-200 टेलीफोन लाइनें लगानी होंगी। इसके बाद लोगों को फोन करके उनसे उनकी जाति के आधार पर नंबर दबाने के लिए कहा जाएगा, लेकिन अखिलेश जिस तरह से जातीय जनगरणा कराए जाने के तरीकों को हलके में ले रहे हैं, उससे उनकी काबलियत पर लोग संदेह भी व्यक्त कर रहे हैं। खासकर भाजपा नेताओं द्वारा खासकर इस तरह के बयान पर अखिलेश को आइना दिखाया जा रहा है।बात बसपा की कि जाए तो बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती कह रही हैं कि उनकी पार्टी तो लम्बे समय से देश में अन्य पिछड़ा वर्ग की जनगणना की मांग करती रही है। उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा कि अभी भी बीएसपी की यही मांग है और इस मामले में केंद्र सरकार अगर कोई सकारात्मक कदम उठाती है तो फिर बीएसपी इसका संसद के अन्दर व



बाहर भी जरूर समर्थन करेगी। इसी तरह से राजभर नेता ओम प्रकाश राजभर और निषाद नेता संजय निषाद की पार्टी भी यही राग अलाप रही है। उधर, यूपी विधान सभा चुनाव की आहट तेज होते ही सत्ताधारी भाजपा के सहयोगी अपना दल (एस) ने भी जातीय जनगणना कराने की मांग उठनी शुरू कर दी है। केंद्र में पिछड़ा वर्ग मंत्रालय के गठन की मांग कर रहे अपना दल (एस) का कहना है कि जातीय जनगणना से ही पिछड़ा वर्ग की आबादी की असल तस्वीर सामने आ पाएगी। सभी दल जातीय जनगणना की सियासत को आगे बढ़ाकर अपनी ताकत बढ़ाने का सपना पाले हुए हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि जातीय राजनीति हमेशा से उत्तर प्रदेश की सियासत का 'काला अध्याय' रही है।

बहरहाल, उत्तर प्रदेश की सियासत में हमेशा से धार्मिक और जातीय राजनीति का बोलबाला रहा है। प्रदेश का चुनावी विश्लेषण भी जातीय समीकरणों की समीक्षा के बिना अधूरा रहता है। अगड़ों को लगता है कि दलित-पिछड़े उनका हक छीन रहे हैं तो दलितों-पिछड़ों का हमेशा से कहना रहा है कि अगड़ा समाज उन्हें आगे नहीं बढ़ने देता है। राज्य में अधिकतर शिक्षा, सत्ता या नौकरियों पर सवर्णों का दबदबा रहा है। उत्तर प्रदेश में ही सबसे अधिक जातीय राजनीति की बेल बढ़ती है। इसके कारणों पर जाया जाए तो वजह साफ है उत्तर प्रदेश में भारत के सबसे ज्यादा सवर्ण जाति के लोग बसते हैं, ये कुल आबादी का 20 फीसदी हैं। इस 20 प्रतिशत सवर्णों में ब्राह्मण सर्वाधिक हैं। ये कुल आबादी का 10 फीसदी हैं जो किसी भी अन्य राज्य के मुकाबले सबसे ज्यादा है। क्षत्रिय ठाकुर 7.5 फीसदी तथा वैश्य एवं कायस्थ समाज के 3 फीसदी लोग हैं। आरोप यह लगते हैं कि इन जातियों ने अधिकतर समय उप्र में राज किया है। इसी के विरोध में सपा-बसपा दलितों-पिछड़ों को अपने पक्ष में लामबंद करने में सफल हो जाती हैं।उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा तादाद पिछड़ा वर्ग की है जो कुल आबादी का 46 फीसदी यानी करीब 10 करोड़ लोग हैं। पिछड़ा समाज में जाट, यादव, कुर्मी, जायसवाल आदि प्रमुख जातियां हैं। पिछड़ा वर्ग में भी दबदबे की सियासत चलती है। यादवों की आबादी का प्रदेश की कुल आबादी में से 9 फीसदी हिस्सा है, जिसकी वजह से यादव सबसे बड़ी पिछड़े वर्ग की जाति बनती है। यादव समाज को आगे बढ़ाने में समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। समाजवादी पार्टी आज भी यादव वोटों की लम्बरदार बनी हुई है। बात जाट समाज की कि जाए तो इसका प्रदेश की कुल आबादी में से सात फीसदी हिस्सा है। जाट कभी किसी एक पार्टी से बंध कर नहीं रहे। 2013 में समाजवादी पार्टी की सरकार के समय मुजफ्फरनगर में मुसलमानों और जाट समाज के बीच जबर्दस्त दंगा हुआ था, इसमें अखिलेश सरकार मुसलमानों के साथ खड़ी दिखाई दी थी। इसी के परिणाम स्वरूप 2014 के लोकसभा चुनाव के समय जाट ने भाजपा के पक्ष में मतदान किया था, यह सिलसिला 2017 के विधानसभा और 2019 के लोकसभा चुनाव के समय भी जारी रहा, लेकिन नये कृषि कानून के खिलाफ किसान आंदोलन के चलते अब जाट भाजपा से नाराज बताए जा रहे हैं।पश्चिम उत्तर प्रदेश की कुल आबादी का 15 फीसदी होने की वजह से जाट वोटर हमेशा निर्णायक रहते हैं। यहीं से पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और किसान नेता महेन्द्र सिंह टिकैत जैसे किसान नेता भी निकले थे, जिनके सामने सरकारों नतमस्तक नजर आती थीं। जाट वोटर कई बार अजित सिंह के राष्ट्रीय लोकदल और कुछ हद तक भाजपा में बंटे दिखाई पड़ चुके हैं। बात पिछड़ा समाज से आने वाले कुमिर्यों की कि जाए तो प्रदेश की कुल आबादी में कुमिर्यों की हिस्सेदारी तीन फीसदी है। कुर्मी और लोध वोटर खीरी, सीतापुर समेत देवीपाटन, एटा, अलीगढ़ के कई जिलों में बड़ी संख्या में निवास करते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह भी लोध बिरादरी से आते थे, जिनके सहारे भाजपा ने लम्बे समय तक लोध और कुर्मी वोटरों पर अपना दबदबा बनाए रखा था। पिछड़ा समाज में कई जातियां ऐसी भी हैं जो कहने को तो पिछड़ा समाज का हिस्सा हैं, लेकिन इनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति यादव, कुर्मी, जाट जैसे पिछड़े समाज के वर्ग से काफी बदत्तर है। इन्हें राजनीतिक भाषा में अति पिछड़ा वर्ग भी कहा जाता है जिनमें निषाद, कश्यप, बिन्द, मल्लाह, राजभर और कुम्हार मुख्य हैं। इन जातियों पर अपनी नज़र गड़ाते हुए मुलायम सिंह ने 16 अति पिछड़ी जातियों को सन 2005 में अनुसूचित जाति का लाभ दिया किन्तु राजनैतिक प्रतिद्वंद्वियों ने सपा को राजनैतिक लाभ मिलता देखकर हाइकोर्ट द्वारा स्टे लगवा दिया। राजभर लोग भी इसी तरह बसपा में रामअचल राजभर और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर के नेतृत्व में लामबंद हैं। अति पिछड़ी जातियाँ सम्मिलित रूप से उत्तर प्रदेश की आबादी का तकरीबन 15 फीसदी हिस्सा हैं पर ये बहुत सारी अलग-अलग जातियों का बिखरा हुआ वर्ग है। ऐसा नहीं है कि इनका कोई राजनैतिक महत्व नहीं पर ये संख्या बल के खेल में पिछड़ गए हैं, हाल में उनका राजनीतिक महत्त्व बहुत बढ़ गया है। मसलन राजभर, बिंद, मल्लाह आदि ने अपनी छोटी-छोटी पार्टियां बना ली हैं जो चुनावों में ताकतवर पिछड़ी जाति-के प्रत्याशियों को नुकसान पहुंचाते हैं, यही लोग जातीय जनगणना की मांग भी जोरशोर से उठा रहे हैं।बात भाजपा के सहयोगी दल अपना दल (एस) की कि जाए तो उसके कार्यकारी अध्यक्ष आशीष पटेल भी जाति आधारित जनगणना समय की मांग बता रहे हैं। पटेल कहते हैं कि आजादी के बाद प्रत्येक जनगणना में अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लोगों की गिनती तो हुई लेकिन पिछड़ा वर्ग की नहीं। अपना दल (एस) अरसे से यह मांग कर रहा है। उसका कहना है कि इससे समाज में समानता आएगी। जनगणना में पिछड़ा वर्ग के लोगों की गिनती होने पर उनकी वास्तविक संख्या का पता चल सकेगा। इससे यह भी आकलन किया जा सकेगा कि किसी जाति विशेष का हिस्सा उसकी आबादी के अनुपात में है या नहीं। गौरतलब है कि आबादी में पिछड़ा वर्ग की सबसे ज्यादा हिस्सेदारी है। पिछड़ा वर्ग की लामबंदी में लगे राजनीतिक दल जातीय जनगणना की वकालत कर रहे हैं।

## आरक्षण है या डिवाइड ऐन्ड रूल...

दुनिया के किसी देश में आरक्षण नाम की बीमारी नहीं है सिर्फ भारत में जातिगत आरक्षण नामक यह भयंकर कर्करोग आजादी के तुरन्त बाद से हमारे सिस्टम में घुस गया है।दस सालों के लिये लागू एक टेम्परेरी व्यवस्था आज 70 सालों में कैन्सर की ही तरह इतना ज्यादा फैल चुकी है कि अब उस के विरोध में बात करने मात्र से देश में भूचाल आ जाता है और भयानक उपद्रव शुरू हो जाते हैं और सरकारें तक उलट-पलट जाती है। देश के नागरिकों को बांटनेवाली यह आरक्षण नाम की कुव्यवस्था सम्भवतः अंग्रेजों की डिवाइड एण्ड रूल यानि बांटो और राज करो की नीति का ही एक्सटेंशन लगता है जो कांग्रेस द्वारा आजादी के बाद अनन्त काल तक देश पर राज करने के लिये लाई गयी है। समय के साथ नागरिकों की आपसी दूरियां घटने की जगह बढ़ती ही जा रही हैंष्ठ तुष्टीकरण और वोटबैंक के मायाजाल का यह आलम है कि सारी पार्टियां आरक्षण का दायरा बढ़ाने में ही जुटी दिखाई देती हैं। कल ही मोदीजी ने ओबीसी कैटेगरी में किस को शामिल किया जाय इसपर एक विधेयक लाने की मन्शा क्या जाहिर की कि सभी पार्टियां जो अभीतक कुत्ते बिल्लियों की तरह लड़ रहीं थी एकाएक एक स्वर में हुआं-हुआं करने लगी कि कल क्यों, आज ही इसपर चर्चा हो और आज ही पारित किया जाय। लोग यहीं पर नहीं रुके..बिहार से सुशासन बाबू तो महाराष्ट्र से कुशासन बाबू की डिमांड आ गयी कि जाति के आधार पर जनगणना होनी ही चाहिए ताकि जाति पर आधारित खांई को और चौड़ी तथा और गहरी की जा सकेष्ठ दूरियां कम करने या खांई पाटने की तो भारत में कोई जिक्र तक नहीं करताष्ठ यह तो अदालतों का हन्टर है जिसने आरक्षण को 50ञ् की संवैधानिक सीमा पर रोक रखा है वर्ना वोट की लालची पार्टियों का बस चले तो शतप्रतिशत आरक्षण कर देंष्ठफिर देश चाहे गर्त में ही क्यों न समा जाय लेकिन उन्हे सत्ता और कुर्सी-सुख मिलते रहना चाहिए।

**-सुरेश तिवारी**

# ओलंपिक खेलों में डंका बजाकर लौटी भारतीय हॉकी टीमों ने केक काटकर ऐसा मनाया जश्न

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टोक्यो ओलंपिक में 41 साल का सूखा खत्म करके ब्रॉन्ज मेडल लेकर भारत लौटी भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीम ने दिल्ली के अशोका होटल में केक काटकर जशन मनाया। ओलंपिक खेलों में पहली बार सेमीफाइनल तक का सफर तय करने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की खिलाड़ियों ने केक काटने के बाद नेशनल एंथम भी गाया। ओलंपिक में अपना दमखम दिखाकर भारतीय दल आज टोक्यो से स्वेदश लौटा है और इन प्लेयर्स को उनके दमदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया जाएगा। ओलंपिक 2020 भारत के लिए यादगार रहा और देश ने पहली बार 7 मेडल अपने नाम किए। भारत की पुरुष हॉकी टीम ने ब्रॉन्ज मेडल के लिए खेले गए सांस रोक देने वाले मुकाबले में टीम ने जर्मनी को 5-4 से हराकर 1980 के बाद ओलंपिक खेलों में मेडल पर कब्जा किया। टीम इंडिया



की ओर से इस ऐतिहासिक मुकाबले में सिमनरजीत सिंह ने दो, जबकि हरमनप्रीत, हार्दिक और रुपिंदर सिंह ने एक-एक गोल दागा। वहीं, दूसरी तरफ भारतीय महिला हॉकी टीम ने भी अपने खेल से देश का सीना चौड़ा किया और पहली बार सेमीफाइनल तक का सफर तय किया। हालांकि, रानी रामपाल की अगुवाई में टीम को ब्रॉन्ज के लिए खेले गए मैच में ग्रेट ब्रिटेन के हाथों हार झेलनी पड़ी और टीम का मेडल के साथ स्वदेश लौटना का सपना अधूरा रह गया। भारत पहुंचने पर हॉकी टीमों का जोरदार स्वागत हुआ और फैन्स ने भारत माता की जय के जमकर नारे लगाए।

ओलंपिक खेलों में भारत का यह अबतक का सबसे बेस्ट प्रदर्शन रहा और देश ने एक गोल्ड, दो सिल्वर और चार ब्रॉन्ज के साथ कुल 7 मेडल पर कब्जा किया। नीरज चोपड़ा ने देश को एकमात्र गोल्ड मेडल जैवलिन थ्रो में दिलाया और वह भारत की तरफ से ओलंपिक में गोल्ड लाने वाले दूसरे खिलाड़ी बने। भारत को ओलंपिक 2020 में पहला मेडल वेटलिफ्टिंग में मीराबाई चानू ने दिलाया था। मणिपुर के इस खिलाड़ी ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया था। इसके बाद पीवी सिंधु ने बैडमिंटन, लवलीना बोरगोहेन ने बॉक्सिंग में देश को ब्रॉन्ज मेडल दिलाया था। पहले बार ओलंपिक खेलों में उतरे रेसलर रवि दहिया ने अपने प्रदर्शन से हर किसी का दिल जीतते हुए कुश्ती में सिल्वर मेडल पर कब्जा किया। वहीं, पुरुष हॉकी टीम ने टोक्यो में 41 साल के सूखे को खत्म करते हुए ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। नीरज चोपड़ा के मैच से ठीक पहले भारतीय पहलवान बजरंग पूनिया ने भी देश की झोली में एक कांस्य पदक डाला।

# 17 सीजन के बाद पहली बार लियोनेल मेसी के? बिना शुरू होगी स्पेनिश लीग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्पेनिश फुटबॉल लीग का इस सप्ताह के अंत में जब नया सीजन शुरू होगा तो पिछले 17 वर्षों में पहली बार महान खिलाड़ी लियोनल मेसी इसका हिस्सा नहीं होंगे। मेसी स्पेनिश लीग ला लीगा में सबसे अधिक गोल करने वाली खिलाड़ी हैं। वर्ष 2004 के बाद बार्सीलोना की टीम पहली बार मेसी के बिना खेलेगी क्योंकि वित्तीय संकट के कारण टीम अर्जेंटीना के खिलाड़ी से नया अनुबंध नहीं कर पाई। मेसी जब पिछली बार इस लीग का हिस्सा नहीं थे तब डिएगो सिमियोन, जिनेदिन जिदान और लुई एनरिके जैसे खिलाड़ी कोचिंग की जगह इस लीग में खेल रहे थे। उस समय रियल मैड्रिड के फारवर्ड विनिसियस जूनियर और एटलेटिको मैड्रिड के फारवर्ड जोओ फेलिक्स सिर्फ चार साल के थे। बार्सीलोना के पूर्व खिलाड़ी नेमार किशोरावस्था में प्रवेश कर रहे थे और उन्होंने ब्राजील के क्लब सांतोस की युवा टीम के साथ पहला करार




किया था। रियल मैड्रिड के कीलियन एम्बाप्पे समय सिर्फ पांच साल के थे और किसी को नहीं पता था कि वह फुटबॉल की दुनिया में सुखियां बटोरेंगे। मेसी के डेब्यू करने से पहले के दशक में बार्सीलोना की टीम सिर्फ दो बार लीग खिताब जीत पाई। अगले 17 सीजन में बार्सीलोना की टीम 10 बार चैंपियन बनी। इस दौरान मेसी ने रिकॉर्ड आठ बार लीग में सर्वाधिक गोल करने का कारनामा किया। उन्होंने प्रतियोगिता के 520 मैचों में 474 गोल दागे। मेसी के डेब्यू करने के तीन साल बाद बार्सीलोना से जुड़े अनुभवी कप्तान गेरार्ड पिक ने कहा, जब आप इतिहास के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को गंवा देते हैं तो आपको वास्तविकता का सामना करना होता है और समझना होगा है कि आपने टीम का बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा खो दिया है। उसने काफी गोल किए और काफी गोल करने में मदद की। अर्जेंटीना के महान फुटबॉलर लियोनल मेसी ने हाल ही में आधिकारिक प्रेस कान्फ्रेंस कर के स्पेनिश फुटबॉल क्लब बार्सिलोना को अलविदा कह दिया था।

# नोवाक जोकोविच सिनसिनाटी ओपन से हटे, अब सीधे यूएस ओपन में खेलने उतरेंगे

**सिनसिनाटी (एजेंसी)।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट (वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन) से हट गए हैं, जिसका मतलब है कि अब वे यूएस ओपन के दौरान ही कोर्ट पर दिखेंगे, जहां वह करियर ग्रैंडस्लैम पूरा करने की कोशिश करेंगे। जोकोविच ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि उन्हें ऑस्ट्रेलिया से लेकर टोक्यो तक के व्यस्त कार्यक्रम के बाद तरोताजा होने के लिए थोड़ा और समय चाहिए।

इस साल ग्रैंडस्लैम में जोकोविच का रिकार्ड 21-0 का है। उन्होंने फरवरी में हार्ड कोर्ट पर ऑस्ट्रेलियाई ओपन, जून में क्ले कोर्ट पर फ्रेंच ओपन और जुलाई में ग्रास कोर्ट पर विंबलडन का खिताब जीता था। रॉड लीवर के




1969 में एक साल में चारों ग्रैंडस्लैम जीतने के बाद कोई भी पुरुष खिलाड़ी एक साल में पहले तीन ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट नहीं जीत पाया था और जोकोविच के पास तो अब लीवर के रिकॉर्ड की बराबरी करने का मौका है। विंबलडन के बाद जोकोविच ने एक सीजन में चारों ग्रैंडस्लैम और ओलंपिक गोल्ड मेडल हासिल करने के लक्ष्य के साथ टोक्यो ओलंपिक में हिस्सा लिया था, लेकिन वह सेमीफाइनल में जर्मनी के अलेक्जेंडर जेवरेव और ब्रॉन्ज मेडल के मुकाबले में स्पेन के पाब्लो कारेनो बस्टा से हार गए थे। इस तरह उनका टोक्यो ओलंपिक अभियान बिना किसी मेडल के ही समाप्त हो गया था।

## कोविड-19 के कारण एक बार फिर घरेलू बैडमिंटन सीजन की शुरुआत टली

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोविड-19 महामारी के कारण घरेलू बैडमिंटन सीजन की शुरुआत को एक बार फिर टालना पड़ा है। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) को स्थानीय अधिकारियों से टूर्नामेंट की मेजबानी की स्वीकृति नहीं मिलने के बाद बेंगलुरु में इस महीने होने वाले सीनियर रैंकिंग टूर्नामेंटों को स्थगित करने को बाध्य होना पड़ा है। पहले सीनियर टूर्नामेंट (पुरुष और महिला दोनों) का आयोजन 27 अगस्त से तीन सितंबर तक होना था, जबकि दूसरी प्रतियोगिता चार से 11 सितंबर तक होनी थी। इसके साथ ही लगभग डेढ़ साल से अधिक के विलंब के बाद घरेलू सीजन बहाल होता।बीएआई के महासचिव अजय सिंघानिया ने पीटीआई को बताया, 'दुर्भाग्य से अगली सूचना तक टूर्नामेंटों को स्थगित करना पड़ा है।

# ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा के सम्मान में हर साल 7 अगस्त को ये काम करेगा एएफआई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने टोक्यो ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा के सम्मान में एक और बड़ा कदम उठाया है। नीरज ने सात अगस्त को ही टोक्यो ओलंपिक 2020 में एथलेटिक्स में भारत को पहला गोल्ड मेडल दिलाया है और उसके बाद से देश में हर तरफ उनका सम्मान हो रहा है। ऐसे में एएफआई ने नीरज के सम्मान में देश में हर साल सात अगस्त को ही भाला फेंक टूर्नामेंट आयोजित कराने का फैसला किया है। एएफआई ने यह फैसला नीरज को सम्मानित करने के लिए आयोजित किए गए एक सम्मान समारोह के दौरान किया।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, एएफआई ने नीरज समेत उन सभी खिलाड़ियों का सम्मान किया,



जिन्होंने टोक्यो ओलिंपिक में एथलेटिक्स में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। मंगलवार को आयोजित इस सम्मान समारोह में एएफएआई के चेयरमैन ललिट भनोट भी मौजूदा थे और उन्होंने ही नीरज के सम्मान में देश में हर साल सात अगस्त को भाला फेंक टूर्नामेंट आयोजित कराने का फैसला किया। उन्होंने कहा, एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की योजना समिति ने भाला फेंकने को बढ़ावा देने का फैसला किया है और हर साल 7 अगस्त को पूरे देश में प्रतियोगिताओं का आयोजन करेगी क्योंकि नीरज चोपड़ा ने इस दिन टोक्यो में स्वर्ण पदक जीता था। टोक्यो ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतकर नीरज ने इतिहास रच दिया है। वह अब ओलंपिक खेलों में व्यक्तिगत स्पर्धाओं में गोल्ड मेडल जीतने वाले दूसरे भारतीय बन गए हैं। उनसे पहले अभिनव बिंद्रा ने 2008 बीजिंग ओलंपिक में 10 मीटर एयर राइफल इवेंट में गोल्ड मेडल जीता था। चोपड़ा ने 2018 में एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों में गोल्ड मेडल जीता था। लेकिन हाथ में चोट लगने के कारण और कोविड-19 महामारी के कारण वह लगभग दो वर्षों तक खेलों से दूर रहे थे।

# बीसीसीआई ने एनसीए पद के लिए मांगे फ्रेश आवेदन, राहुल द्रविड़ के लिए नेशनल टीम के कोच बनने के दरवाजे अभी भी खुले

**(एजेंसी)।** बीसीसीआई ने एनसीए पद के लिए मांगे फ्रेश आवेदन, राहुल द्रविड़ के लिए नेशनल टीम भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में क्रिकेट प्रमुख के लिए पद के लिए फ्रेश आवेदन मांगे है, जिसके मौजूदा प्रमुख और भारत के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ फिर से आवेदन कर सकते हैं। भारत की बेंच स्ट्रेंथ (राष्ट्रीय टीम के लिए खिलाड़ियों का पूल) बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले द्रविड़ को जुलाई 2019 में एनसीए प्रमुख के तौर पर नियुक्त किया गया था। उन्होंने इससे पहले भारत अंडर-19 और भारत-ए टीमों के कोच के रूप में जूनियर खिलाड़ियों के साथ बड़े पैमाने पर काम किया था।

द्रविड़ का दो साल का अनुबंध समाप्त हो गया है और नियमों के अनुसार, बीसीसीआई ने इसके लिए नए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इस बात की संभावना है कि द्रविड़ दो साल के विस्तार के लिए फिर से आवेदन करें। आवेदन करने की आखिरी तारीख 15 अगस्त (रात 11.59 बजे तक) है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने समाचार एजेंसी पीटीआई-भाषा से कहा, राहुल द्रविड़ इस पद के लिए फिर से आवेदन कर सकते है, लेकिन टी20 विश्व कप के बाद नवंबर 2021 में रवि शास्त्री का कार्यकाल समाप्त हो रहा है और ऐसी संभावना है कि द्रविड़ राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच बनें।चाहे जो भी हो वह इस प्रणाली का अहम हिस्सा बने रहेंगे। भारत की मुख्य टीम के इंग्लैंड दौरे पर होने के कारण द्रविड़ हाल ही में श्रीलंका दौरे पर गयी सीमित ओवरों




की टीम के मुख्य कोच थे। श्रीलंका में छह मैचों के समापन के बाद, उनसे भारत के मुख्य कोच बनने के बारे में पूछा गया था, लेकिन उन्होंने इस मुद्दे पर फिलहाल अपनी प्रतिबद्धता नहीं दिखाई है। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मैंने वास्तव में बहुत आगे के बारे में कुछ भी नहीं सोचा है। मैं जो कर रहा हूं उसे करने में मुझे मजा आ रहा है।

मुख्य कोच के लिए निर्धारित वर्तमान आयु सीमा, एनसीए प्रमुख भूमिका की तरह ही 60 वर्ष है। शास्त्री मई में 59 वर्ष के हो गए। अगर भारत टी20 विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन नहीं करता है तो द्रविड़ राष्ट्रीय टीम के लिए मुख्य कोच की इस दौड़ में शामिल हो सकते हैं। कप्तान कोहली और शास्त्री की जोड़ी ने भारत के लिए अभी तक कोई बड़ी प्रतियोगिता नहीं जीती है। शास्त्री की देख-रेख में टीम ने ऑस्ट्रेलिया दौरे सहित टेस्ट मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन वैश्विक खिताब जीतने में असफल रहे। बीसीसीआई की वेबसाइट के मुताबिक,एनसीए क्रिकेट प्रमुख अकादमी में क्रिकेट कोचिंग के सभी कार्यक्रमों के संचालन के लिए समग्र रूप से जिम्मेदार होगा। वह अकादमी में प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सभी क्रिकेटरों की तैयारी, विकास और प्रदर्शन के लिए जिम्मेदार होंगे। वह पुरुष और महिला खिलाड़ी विकास कार्यक्रमों के तहत एनसीए में भेजे जाने वाले उभरते और युवा क्रिकेटरों के विकास के लिए जिम्मेदार होंगे।

# जहीर खान ने बताया, पहले टेस्ट में क्यों विफल रहा इंग्लैंड का टॉप ऑर्डर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला टेस्ट नॉटिंघम में बिना किसी परिणाम के ड्रॉ हो गया। इस मैच में इंग्लैंड का टॉप ऑर्डर पूरी तरह से विफल रहा, जिसके कारण मेजबान टीम हार के कगार पर पहुंच गई थी। लेकिन इंद्र देवता की मेहरबानी के कारण बारिश चलते मैच ड्रॉ हो गया और इंग्लैंड सीरीज में पीछे होने से बच गई। पहले टेस्ट में इंग्लैंड के चोटी के तीन बल्लेबाज जैक क्रॉली, डोम सिब्ली और रोरी बर्न्स ने दोनों पारियों में मिलाकर कुल 97 रन ही बनाए। इस बीच, पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान ने इन तीनों बल्लेबाजों की विफलता की वज?ह बताई है। दोनों टीमों के बीच दूसरा टेस्ट लॉर्ड्स में गुरुवार से खेला



जाएगा। क्रिकबज की ओर से जारी एक वीडियो में जहीर ने सवालों का जवाब देते हुए इंग्लैंड के टॉप तीन बल्लेबाजों के असफल होने का कारण भी बताया है। उन्होंने कहा, इंग्लैंड के शीर्ष तीन बल्लेबाजों डोम सिब्ली, रोरी बर्न्स और जैक क्रॉली में कमजोरी है क्योंकि उनकी पारी में लय की कमी है। बैक लिफ्ट ठीक से काम नहीं कर रही है और तीनों के पास तेज गेंदबाजों का सामना करने के लिए अच्छी तकनीक नहीं है और वे तेजी से रन बनाने में सक्षम नहीं हैं।पहले टेस्ट में भारतीय टीम को मैच जीतने के लिए केवल 157 रन बनाने थे, लेकिन लगातार हो रही बारिश के चलते पांचवें दिन एक भी गेंद का खेल संभव नहीं हो सका।

# इग्लैंण्ड ने दूसरे टेस्ट के लिए इस दिग्गज ऑलराउंडर को टीम में वापस बुलाया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने भारत के साथ जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे टेस्ट के लिए अनुभवी ऑलराउंडर मोइन अली को अपनी टीम में शामिल किया है। दोनों टीमों के बीच दूसरा टेस्ट गुरुवार से लॉर्ड्स में खेला जाएगा। 34 साल के मोइन ने पिछले दो साल से इंग्लैंड के लिए केवल एक ही टेस्ट मैच खेला है। उन्होंने अपना पिछला टेस्ट मैच करीब छह महीने पहले ही चेनन्ई में भारत के खिलाफ खेला था, लेकिन अब वह लॉर्ड्स में टीम के साथ जुड़ेंगे। दोनों टीमों के बीच सीरीज का पहला मैच बारिश की वजह से ड्रॉ हो गया था। इस टेस्ट में भारतीय तेज गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड के टॉप ऑर्डर को बुरी तरह से तहस-नहस कर दिया था। ऑलराउंडर बेन स्टोक्स और क्रिस वॉक्स की गैर मौजूदगी के कारण इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने मोइन अली को वापस टीम में



लाने का फैसला किया है। बोर्ड ने कहा, 'वॉर्सेस्टरशायर के स्पिन ऑलराउंडर मोइन अली को इंग्लैंड की मेंस टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। वह आज टेस्ट टीम में शामिल होंगे और दोपहर बाद इंग्लैंड टीम के साथ ट्रेनिंग करेंगे।

फरवरी में अपना पिछला टेस्ट मैच खेलने के बाद से मोइन को केवल व्हाइट बॉल क्रिकेट में ही खेलने का मौका मिला है। उन्होंने अपने पिछले टेस्ट में आठ विकेट लिए थे और भारतीय कप्तान विराट कोहली को दो बार आउट किया था। मोइन इस समय द हंड्रेड में खेल रहे थे, जहां वह बर्मिंघम फॉनिक्स टीम का हिस्सा थे। ऐसा माना जा रहा है कि मोइन के टीम के साथ जुड़ने से इंग्लैंड की बल्लेबाजी और ज्यादा मजबूत होगी। साथ ही स्पिन विभाग में टीम के लिए विकल्प बन सकते हैं। वह पिछले तीन टेस्ट मैचों में फ्रंटलाइन स्पिनर के रूप में खेल चुके हैं और ऐसे में उनका प्लेइंग इलेवन में खेलना तय माना जा रहा है।

# सुनील गावस्कर और सचिन तेंदुलकर की इस अनचाही लिस्ट में शामिल होने से बचना चाहेंगे विराट कोहली

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्रिकेट के मक्का कहे जाने वाले लॉर्ड्स मैदान पर टेस्ट सेंचुरी जड़ना लगभग हर बल्लेबाज का सपना होता है। भारत की ओर से आजतक नौ ही ऐसे बल्लेबाज रहे हैं, जिन्होंने लॉर्ड्स के मैदान पर टेस्ट शतक जड़ा हो। इस लिस्ट में सुनील गावस्कर और सचिन तेंदुलकर जैसे दिग्गज बल्लेबाजों का नाम नहीं है और अभी तक कप्तान विराट कोहली भी लॉर्ड्स के मैदान पर टेस्ट शतक नहीं लगा पाए हैं। गावस्कर और सचिन के इस अनचाहे क्लब में विराट कोहली बिल्कुल शामिल नहीं होना चाहेंगे। नवंबर 2019 के बाद से विराट के बल्ले से एक भी इंटरनेशनल सेंचुरी नहीं निकली है और फैन्स को उम्मीद होगी कि विराट लॉर्ड्स टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ जरूर शतक लगाएं। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच लॉर्ड्स के मैदान पर 12 अगस्त से खेला जाना है।लॉर्ड्स मैदान पर



टेस्ट लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की लिस्ट में विनोद मांकड़, दिलीप वेंगसरकर (तीन सेंचुरी), गुंडप्पा विश्वनाथ, रवि शास्त्री, मोहम्मद अजहरुद्दीन, सौरव गांगुली, अजीत अगारकर, राहुल द्रविड़ और अजिंक्य रहाणे के नाम दर्ज हैं। रहाणे ने 2014 में इंग्लैंड दौरे पर लॉर्ड्स के मैदान पर सेंचुरी ठोकी थी। दिलीप वेंगसरकर इकलौते ऐसे भारतीय बल्लेबाज हैं, जिन्होंने लॉर्ड्स के मैदान पर तीन सेंचुरी जड़ी हैं। विराट पिछले नौ टेस्ट मैचों की 15 पारियों में सेंचुरी नहीं लगा पाए हैं, उनके नाम पर टेस्ट क्रिकेट में 27 शतक दर्ज हैं। नवंबर 2019 के बाद से विराट ने 15 टेस्ट पारियों में 23 के मामूली औसत से महज 345 रन बनाए हैं। सीरीज के पहले टेस्ट में विराट जेम्स एंडरसन की गेंद पर गोल्डन डक (पहली ही गेंद पर आउट) का शिकार बने थे, जबकि दूसरी पारी में उन्हें बल्लेबाजी करने का मौका नहीं मिला। लॉर्ड्स मैदान पर गावस्कर और सचिन भी रन बनाने के लिए काफी तरसे हैं।गावस्कर ने इस मैदान पर 10 पारियों में 340 रन बनाए हैं जिसमें दो हाफसेंचुरी शामिल हैं, जबकि सचिन ने यहां जो नौ टेस्ट पारियां खेली हैं, उनमें वह कभी 50 रन तक भी नहीं पहुंचे।

## हसीब हमीद ने भारत के खिलाफ सेंचुरी जड़कर पाई टीम में जगह, अब लॉर्ड्स में मिल सकता है मौका




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच लॉर्ड्स मैदान पर 12 अगस्त से खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच सीरीज का पहला मैच बारिश की वजह से ड्रॉ हो गया। इस टेस्ट में भारतीय तेज गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड के टॉप ऑर्डर को बुरी तरह से तहस-नहस कर दिया था। इंग्लैंड के चोटी के तीन बल्लेबाज जैक क्रॉली, डोम सिब्ली और रोरी बर्न्स ने दोनों पारियों में मिलाकर कुल 97 रन ही बनाए। उनके इस निराशाजनक प्रदर्शन के बाद इंग्लैंड के हेड कोच क्रिस सिल्वरवुड ने संकेत दिए हैं कि वे लॉर्ड्स में होने वाले दूसरे मैच में हसीब हमीद को मौका दे सकते हैं।उन्होंने कहा कि, 'हां, मुझे लगता है कि हमारे टॉप ऑर्डर को अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। टीम के कप्तान जो रूट का प्रदर्शन पिछले छह महीनों में वास्तव में शानदार रहा है, लेकिन हम चाहते हैं जो खिलाड़ी उनके साथ बल्लेबाजी करते हैं वे भी रन बनाएं। हमें अन्य खिलाड़ियों से भी अच्छे प्रदर्शन की जरूरत है, ताकि रूट पर से दबाव कम हो।' सिल्वरवुड ने कहा, 'हमें यह स्वीकार करना होगा कि हम रन नहीं बना पा रहे हैं और हमें इस पर गौर करना होगा कि ऐसा क्यों हो रहा है। ऐसा नहीं है कि प्रयास नहीं किया जा रहा है।

# वैज्ञानिकों ने निकाला सुपर वैक्सीन का फॉर्मूला, कोरोना के हर वेरिएंट पर करेगा प्रहार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोरोना वायरस के नए वेरिएंट से परेशान दुनिया के लिए राहत भरी खबर है। वैज्ञानिकों ने सुपर वैक्सीन का फॉमूर्ला खोजा है जो कोरोना के हर वेरिएंट पर कारगर होगा। यूनिवर्सिटी ऑफ वाशिंगटन के शोधकर्ताओं ने बताया कि हमने कोरोना को मात दे चुके लोगों में ऐसी एंटीबॉजी खोजी है जो हर तरह से वेरिएंट से लड़ने में सक्षम है।

यह अध्ययन साइंस जर्नल में प्रकाशित हुआ है। अध्ययन में पांच मानव मोनोक्लोनल एंटीबॉडी पर शोध का वर्णन किया गया है। यह बीटा वेरिएंट पर प्रभावी पाया गया। शोधकर्ताओं ने इस दौरान कोरोना से ठीक हुए लोगों में विशिष्ट मेमोरी बी कोशिकाओं की जांच की। मेमोरी बी श्वेत रक्त कोशिकाएं होती हैं। ये उन वायरस को पहचानती हैं और उनके खिलाफ प्रतिक्रिया देती हैं जो पहले शरीर पर हमला कर चुका होता है। वैज्ञानिकों ने कोरोना को हरा चुके लोगों में मिली पांच एंटीबॉडी में से एस2पी6 पर ध्यान देना शुरू किया। आणविक संरचना विश्लेषण और कार्यात्मक अध्ययनों से पता चला है कि इस मोनोक्लोनल एंटीबॉडी में प्रभावशाली विविधता थी। साथ ही यह कोरोना के बीटा वायरस के तीन अलग-अलग उपजातियों को बेअसर कर सकता है। वैज्ञानिकों ने देखा कि ऐसा उसने कोशिका झिल्लियों के साथ जुड़ने की वायरस की क्षमता को बाधित करके किया। ये एंटीबॉडी इन वायरस के स्पाइक प्रोटीन में स्टेम हेलिक्स नामक संरचना को लक्षित करते हैं। स्पाइक प्रोटीन मेजबान कोशिकाओं पर कब्जा करने की वायरस की क्षमता के लिए महत्वपूर्ण है।

कोरोना वायरस की बाहरी सतह पर कांटों की तरह दिखने वाला जो हिस्सा होता है, वहां से वायरस प्रोटीन निकलता है। इसे स्पाइक प्रोटीन कहते हैं। इसी प्रोटीन से संक्रमण शुरू होता है। यह इंसान के एंजाइम एसीई2 रिसेप्टर से जुड़ फेफड़ों में पहुंचता है। फिर संख्या बढ़ाकर संक्रमण को बढ़ाता है।


## भारत में रह रहे विदेशी नागरिक भी अब लगवा सकते हैं कोरोना वैक्सीन, ऐसे करना होगा अप्लाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोरोना से सुरक्षा देने के लिए देश में टीकाकरण चल रहा है, अभी तक सिर्फ 18 साल से ऊपर के भारतीय नागरिकों को ही वैक्सीन लगवाने की इजाजत थी लेकिन अब भारत में रह रहे विदेश नागरिक भी टीका लगवा सकते हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को घोषणा कर यह जानकारी दी थी। भारत में कोविड-19 के खिलाफ टीका लगवाने के लिए, विदेशी नागरिकों को पहचान के प्रमाण के रूप में अपने पासपोर्ट का इस्तेमाल करना होगा। मंत्रालय ने कहा कि इसके बाद सरकार के ण्देंघ्‍ प्लेटफॉर्म पर अपना पंजीकरण कराना होगा। एक बार पंजीकृत होने के बाद, उन्हें टीकाकरण के लिए एक स्लॉट मिलेगा।स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने बयान में कहा, ठभारत में बड़ी संख्या में विदेशी नागरिक रह रहे हैं, विशेष रूप से बड़े महानगरीय क्षेत्रों में। इन क्षेत्रों में, कोविड -19 के फैलने की संभावना अधिक है। ऐसी किसी भी घटना की संभावना का मुकाबला करने के लिए, यह जरूरी है कि सभी लोगों को कोरोन की वैक्सीन लगाई जाए। सरकार के मुताबिक, यह पहल विदेशी नागरिकों को कोविड से बचाने के साथ-साथ ठभारत में रहने वाले लोगों को बचाने के लिए भी है, यह पहल भारतीय लोगों में वायरस फैलने की संभावनाओंठ को भी कम करेगी। भारत में रहने वाले सभी लोगों के लिए वायरस से समग्र सुरक्षा की दिशा में यह एक अच्छा कदम होगा। भारत का राष्ट्रीय कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम जनवरी 2021 से संचालित हो रहा है। अब तक देश भर में 51 करोड़ से अधिक वैक्सीन की खुराक दी जा चुकी है। 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिक टीकाकरण के पात्र हैं।

# राजीव गांधी से जुड़ी जगह का भी नाम बदलने की उठ रही है मांग

## कर्नाटक में लोग चला रहे खास मुहिम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हाल ही में केंद्र सरकार ने खेल पुरस्कार से पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का नाम हटा दिया। वहीं कर्नाटक में भी दो लोग एक जगह से राजीव गांधी का नाम हटाने के लिए अभियान चला रहे हैं। यह दोनों कर्नाटक के कोडागु जिले के रहने वाले हैं और नागरहोल में स्थित राजीव गांधी नेशनल पार्क का नाम बदलने के लिए ऑनलाइन पेटिशन साइन करा रहे हैं। इन दोनों के नाम हैं, नवीन माडप्पा और विनय कायपांडा। इन्होंने अपनी पेटिशन में कर्नाटक के मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री कार्यालय, और सांसद प्रताप सिम्हा को टैग कर रखा है। इनका प्रस्ताव है कि नेशनल पार्क का नाम बदलकर फील्ड मार्शल केएम करियप्पा के नाम पर कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि इस कदम से इस जिले से ताल्लुक रखने वाले फील्ड मार्शल का सम्मान बढ़ेगा। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म चेंज डॉट ओआरजी पर चलाए जा रहे इस पेटिशन पर बहुत ही कम समय में 8000 लोग सिगनेचर कर चुके हैं। दोनों पेटिशनर्स के मुताबिक पहले इस पार्क का नाम, नागरहोल नेशनल रिजर्व फॉरेस्ट था। लेकिन बाद में एक खास परिवार और दल को



खुश करने के लिए इसका नाम राजीव गांधी नेशनल पार्क नागरहोल कर दिया गया। उनका कहना है कि हर किसी को उसके हिस्से की पहचान मिलनी चाहिए। केवल कुछ खास लोगों का इस पर हक नहीं होना चाहिए। गौरलतब है कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजीव गांधी खेल रत्न अवॉर्ड का नाम बदलकर मेजर ध्यानचंद के नाम पर कर दिया है। इस बाबत ट्विटर पर लिखी पोस्ट में पीएम ने कहा था कि खेल रत्न पुरस्कार का नाम बदलने के लिए देशभर के तमाम लोगों ने उनसे अपील की है। लोगों की भावनाओं का सम्मान करते हुए यह फैसला लिया गया है।

इन सबके बीच कर्नाटक में भाजपा विधायक सीटी रवि भी नाम बदलने की एक मुहिम चला रहे हैं। उन्होंने यहां के नए मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई से अपील की है कि प्रदेश में भर में चलने वाली इंदिरा गांधी कैंटीन का नाम बदलकर अनन्पूर्णेश्वरी कैंटीन रखने का प्रस्ताव रखा है। उन्होंने आगे लिखा है कि मुझे यह नहीं समझ आता है कि आखिर खाना खाते वक्त लोगों को इमरजेंसी के काले दौर की याद क्यों आनी चाहिए? गौरतलब है कि देशभर में सार्वजनिक स्थलों और स्टेडियमों का नाम बदलने को लेकर भाजपा सरकार और विपक्ष में तलवार खिंची हुई है।

# खत्म होगी आरक्षण की 50 फीसदी की सीमा? कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने उठाई लोकसभा में मांग



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने ओबीसी से संबंधित संशोधन विधेयक का समर्थन करते हुए मंगलवार को आरक्षण की 50 फीसदी सीमा को भी हटाए जाने की मांग की। कांग्रेस ने कहा कि केंद्र सरकार आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा को हटाने पर विचार करे ताकि महाराष्ट्र में मराठा समुदाय और दूसरे कई राज्यों में लोगों को इसका लाभ मिल सके। सदन में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी ने 'संविधान (127वां संशोधन) विधेयक, 2021 पर चर्चा की शुरुआत करते हुए यह आरोप भी लगाया कि केंद्र सरकार की गलती के कारण ही यह विधेयक लाना पड़ा है तथा वह उत्तर प्रदेश एवं कुछ राज्यों के चुनाव को ध्यान में रखकर भी इसे लाई है। उन्होंने पेगासस जासूसी मामले को उठाते हुए कहा कि अगर सरकार इस पर चर्चा के लिए सहमत होती तो गतिरोध नहीं होता, हालांकि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि वह विषय पर बोलें। चौधरी ने कहा, ''हम इस विधेयक पर चर्चा में भाग ले रहे हैं क्योंकि यह संविधान संशोधन विधेयक है इसमें दो तिहाई बहुमत का समर्थन की जरूरत है। हम एक जिम्मेदार दल हैं, इसलिए हम इसमें भाग रहे हैं। कांग्रेस नेता ने अतीत की अपनी पार्टी की सरकारों के समय ओबीसी, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए किये गए कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यो के बारे में आपको (मंत्री) बोलने का पूरा अधिकार है। लेकिन हम पूछना चाहते हैं कि इस संविधान संशोधन की नौबत क्यों आई? चौधरी ने कहा कि 2018 में 102वां संविधान संशोशन विधेयक लाया। लेकिन पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देने के साथ ही राज्यों की ओबीसी सूची निर्धारित करने का अधिकार छीन लिया गया।

# कश्मीर में राहुल गांधी बोले- मेरे अंदर भी है कश्मीरियत, केंद्र सरकार पर साधा निशाना



**श्रीनगर (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के जम्मू-कश्मीर यात्रा का आज दूसरा दिन है। पांच अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर के विशेष दर्जा समाप्त करने और इसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद से यह उनकी पहली यात्रा है। यहां उन्होंने पूर्ण राज्य का दर्जा देने के साथ-साथ चुनाव कराने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने जम्मू कश्मीर के निवासियों के लिए भूमि और रोजगार के अधिकारों की वकालत की। उन्होंने विपक्षी नेताओं को नजरबंद करने के लिए सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि जब भी हम जम्मू-कश्मीर या पेगासस के मुद्दे को उठाना चाहते हैं तो उनकी आवाज को दबाया जाता है। उन्होंने लोगों को जम्मू-कश्मीर पर सीधे हमले और देश के बाकी हिस्सों पर अप्रत्यक्ष हमले की चेतावनी दी।

राहुल गांधी ने कहा, ठभारत में हर संस्थान पर हमले हो रहे हैं। न्यायपालिका पर हमले हो रहे हैं। मीडिया सच्चाई नहीं दिखा रहा है। उन्हें दबाया जा रहा है। धमकी दी जा रही है। वे डरे हुए हैं। अगर वे तथ्यों की रिपोर्ट करते हैं तो उन्हें नौकरी खोने का डर है। वे संसद में बोलने नहीं देते हैं, हमें दबा देते हैं। मैं संसद में पेगासस, राफेल, जम्मू-कश्मीर, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी के बारे में नहीं बोल सकता। राहुल गांधी ने कहा कि उनकी यात्रा का आज दूसरा और अंतिम दिन है। उनके लिए यह एक तरह की घर वापसी थी। राहुल गांधी ने आगे कहा, मैं जम्मू-कश्मीर के लोगों के साथ सम्मान और प्यार का रिश्ता चाहता हूं, जिन्होंने दर्द और पीड़ा का सामना किया है। दिल्ली से पहले मेरा परिवार इलाहाबाद में रह रहा था।



## कार्यालय ग्राम पंचायत बेनीपुर वि.खं. शंकरगढ़, प्रयागराज

पत्रांक मेमो 10–08–2021

### अल्पकालीन निविदा सूचना 2021–22

वित्तीय वर्ष 2021–22 में मनरेगा/राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यो को कराने/सामग्री की आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत बेनीपुर में पंजीकृत ठेकेदारों/सामग्री आपूर्ति कर्ताओं से निविदाएं सील बंद लिफाफे में अधोस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 10.08.2021 से 13.08.2021 को दोपहर 2 बजे तक आमंत्रित की जाती है। दिनांक 13.08.2021 को 4 बजे गठित समिति के समक्ष निविदा खोला जाएगा। नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय में कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

| संख्या | योजना का नाम | कार्य का नाम | कार्य की लागत (लाख में) | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | बेनीपुर में दरबारी के घर से कूंआ बड़कू के घर तक इण्टर लाकिंग रोड का निर्माण | 284400 | 500रू. |
| 2 | मनरेगा | बेनीपुर में प्राथमिक स्कूल कठहां कैम्पस में इण्टर लाकिंग रोड का निर्माण | 221386 | 500रू. |
| 3 | मनरेगा | बेनीपुर में बांदा रोड राम सेवक के घर से प्रदोष के घर तक डब्ल्यूबीएम रोड का निर्माण | 397408 | 500रू. |

**ज्ञानेन्द्र मिश्रा**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बेनीपुर
विकास खण्ड –शंकरगढ़
प्रयागराज

**राजेन्द्र कुमार मौर्य**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बेनीपुर
विकास खण्ड –शंकरगढ़
प्रयागराज


# मॉनसून सत्रः संसद से गायब रहने वाले बीजेपी सांसदों से नाराज हैं पीएम मोदी? मांगी लिस्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद से गायब रहने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसदों को लेकर नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने इसको लेकर लिस्ट भी मांगी है। पीएम मोदी ने सोमवार को 'अधिकरण सुधार विधेयक, 2021को राज्यसभा में पारित किए जाने के वक्त बीजेपी के ज्यादातर सांसदों के अनुपस्थित रहने को लेकर मंगलवार को नाराजगी जाहिर की है।



सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, भाजपा संसदीय दल की बैठक में इस पर नाराजगी जताते हुए प्रधानमंत्री ने उन सांसदों की सूची मंगवाई है जो कल, विधेयक के पारित होने के दौरान सदन में उपस्थित नहीं थे। राज्यसभा में सोमवार को संक्षिप्त चर्चा के बाद विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच 'अधिकरण सुधार विधेयक, 2021को मंजूरी दे दी गई। इस विधेयक में चलचित्र कानून, सीमा शुल्क कानून, व्यापार चिन्ह कानून सहित कई कानूनों में संशोधन करने का प्रस्ताव किया गया है। विपक्ष ने इस विधेयक को प्रवर समिति में भेजने का प्रस्ताव रखा और बाद में उस पर मतविभाजन की मांग की। हालांकि मतविभाजन में सदन ने 44 के मुकाबले 79 मतों से विपक्ष के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। आपको बता दें कि राज्यसभा में वर्तमान में भाजपा के कुल 94 सदस्य हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को भाजपा सांसदों से तीन मुद्दों पर बड़े पैमाने पर अभियान चलाने के लिए कहा है।

उनमें कुपोषण उन्मूलन, अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में खेल और खेलों को प्रोत्साहित करने और आयुष्मान भारत योजना के तहत 'गोल्डन कार्डके बारे में जागरूकता पैदा करना शामिल है। सूत्र ने कहा है कि पीएम ने पार्टी के संसदीय दल की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सांसदों को कुपोषण उन्मूलन का मुद्दा उठाना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पोषण प्रदान करने के उद्देश्य से सामाजिक योजनाओं को जमीन पर लागू किया जाए।टोक्यो ओलंपिक खेलों में भारत के प्रदर्शन के मद्देनजर प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं को खेलों के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सांसदों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ग्राम पंचायत स्तर से ऊपर की ओर खेल सिखाने का प्रावधान है।

तीसरा मुद्दा जिस पर पीएम चाहते हैं कि उनकी पार्टी के सहयोगी आयुष्मान भारत के कार्यान्वयन पर ध्यान दें और यह सुनिश्चित करें कि कैशलेस उपचार की सुविधा इच्छित लाभाथिर्यों तक पहुंचे। आपको बता दें कि गोल्डन कार्ड या ई-कार्ड लाभाथिर्यों को कैशलेस उपचार की अनुमति देता है। भाजपा सांसदों की बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी यूएनएससी की बैठक में प्रेजेंटेशन दिया। सोमवार को, पीएम मोदी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक की अध्यक्षता करने वाले पहले भारतीय पीएम बने। उन्होंने समुद्री सुरक्षा बढ़ाने पर एक खुली बहस की अध्यक्षता की। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी ओलंपिक खेलों में भारत के प्रदर्शन पर एक प्रस्तुति दी। किरेन रिजिजू, जिनके पास अब कानून का विभाग है, ने भी सांसदों को इस बड़े आयोजन के लिए की गई तैयारियों के बारे में जानकारी दी।पीएम ने सांसदों से सत्र के दौरान सदन में मौजूद रहने का भी आग्रह किया। उन्होंने सत्र के दौरान सांसदों के मौजूद नहीं होने और दोनों सदनों में कामकाज होने पर चिंता व्यक्त की है।



## कार्यालय ग्राम पंचायत कपारी वि.खं. शंकरगढ़, प्रयागराज

पत्रांक मेमो 10–08–2021

### अल्पकालीन निविदा सूचना 2021–22

वित्तीय वर्ष 2021–22 में मनरेगा/राज्य वित्त/15 वां वित्त योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यो को कराने/सामग्री की आपूर्ति हेतु ग्राम पंचायत कपारी में पंजीकृत ठेकेदारों/सामग्री आपूर्ति कर्ताओं से निविदाएं सील बंद लिफाफे में अधोस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 10.08.2021 से 13.08.2021 को दोपहर 2 बजे तक आमंत्रित की जाती है। दिनांक 13.08.2021 को 4 बजे गठित समिति के समक्ष निविदा खोला जाएगा। नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय में कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

| संख्या | योजना का नाम | कार्य का नाम | कार्य की लागत (लाख में) | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मनरेगा | कपारी में ननकऊ के घर से राजकुमार के घर तक इण्टरलाकिंग रोड का निर्माण | 399091 | 500रू. |
| 2 | मनरेगा | कपारी में इन्द्रजीत यादव के घर से जमुना प्रसार के घर तक इण्टरलाकिंग रोड का निर्माण | 398826 | 500रू. |
| 3 | मनरेगा | प्राथमिक विद्यालय कपसो अतरी की की बाउड्री का निर्माण | 600000 | 500रू. |

**सुभाष कुमार**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कपारी
विकास खण्ड –शंकरगढ़
प्रयागराज

**राजेन्द्र कुमार मौर्य**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत कपारी
विकास खण्ड –शंकरगढ़
प्रयागराज


## सिर उठा रहे आतंकी! कश्मीर में दो दिन में तीसरा हमला, सुरक्षा बलों पर फेंके बम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जम्मू कश्मीर में सिर उठाने की कोशिश में जुटे आतंकवादी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। 15 अगस्त के करीब आते ही यहां आतंकवादी किसी भी तरह से गड़बड़ी फैलाने की कोशिश में लगे हुए हैं। मंगलवार को आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर हैंड ग्रेनेड से हमला किया है। जानकारी के मुताबिक यह हमला श्रीनगर के हरी सिंह हाई स्ट्रीट के पास हुआ है। हरि सिंह हाई स्ट्रीट इलाके में आतंकियों ने सुरक्षाबलों को निशाना बनाकर ग्रेनेड फेंका। हालांकि निशाना चूक जाने से ग्रेनेड सड़क पर जा गिरा। इस दौरान धमाका होने और इसकी जद में आने से एक से दो स्थानीय नागरिकों के घायल होने की खबर है। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। इसके साथ ही हमलावरों की तलाश में इलाके की घेराबंदी कर अभियान शुरू किया गया है। इससे पहले जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में मंगलवार को ही केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के सड़क सुरक्षा दल पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया, जिसमें एक जवान घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि क्रालचेक पर आतंकवादियों ने सीआरपीएफ के सड़क सुरक्षा दल पर हमला किया। बता दें कि 'रोड ओपनिंग पार्टी या सड़क सुरक्षा दल वह दस्ता है, जिसे काफिलों के गुजरने से पहले किसी मार्ग की सुरक्षा के लिए तैनात किया जाता है। अधिकारियों ने बताया कि हमले में कॉन्स्टेबल अजय कुमार घायल हो गए। इलाके की घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू कर दिया गया है। एक दिन पहले यानी सोमवार को आतंकवादियों ने बीजेपी के कुलगाम किसान मोर्चा के प्रमुख और सरपंच तथा उनकी पतनी की गोली मार कर हत्या कर दी थी।

## तालिबान के कहर के बीच अफगानिस्तान में कॉन्सुलेट के अधिकारियों को वापस लाएगी सरकार, आईएएफ के पास जिम्मा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान में लगातार हो रही हिंसा के बाद भारत अब अफगानिस्तान में कॉन्सुलेट में कार्यरत भारतीय कर्मचारियों को वापस लाएगा। अफगानिस्तान के मजार-ए-शरीफ शहर में स्थित कॉन्सुलेट में कुछ अधिकारी और कुछ अन्य भारतीय अभी मौजूद हैं। अब इन सभी को वहां से निकाला जाएगा। भारतीय वायुसेना अफगानिस्तान के इस शहर में रह रहे लोगों को बाहर निकालेगी। मजार-ए-शरीफ अफगानिस्तान का वो शहर है जहां अंतिम भारतीय वाणिज्य दूतावास मौजूद हैं। इस शहर में बसे सभी भारतीय लोगों को अब भारतीय वायुसेना वहां से निकालेगी। अफगानिस्तान में तालिबान के बढ़ते वर्चस्व को देखते हुए भारत सरकार ने ये फैसला लिया है कि भारत के सभी कर्मचारियों, अधिकारियों को



मज़ार-ए-शरीफ से वापस बुलाया जाएगा। मज़ार-ए-शरीफ में मौजूद भारतीय दूतावास की ओर से जानकारी दी गई है कि मंगलवार शाम को मजार-ए-शरीफ से एक स्पेशल फ्लाइट नई दिल्ली के लिए रवाना होगी। जो भी भारतीय आसपास हैं, वह शाम की फ्लाइट से नई दिल्ली के लिए रवाना हो जाए। जो जानकारी भारत की तरफ से दी गई है उसमें कहा गया है कि जिस भी भारतीय को नई दिल्ली रवाना होना है, वह तुरंत अपना पूरा नाम, पासपोर्ट नंबर और अन्य जानकारी व्हाट्सएप पर भेज दे। इसके साथ ही दो नंबर भी किए गए हैं, वो नंबर हैं- 0785891303, 0785891301 अफगानिस्तान में तालिबान आतंकवादियों का कहर बढ़ता जा रहा है। तालिबान ने पिछले चार दिनों में छह प्रांतीय राजधानियों पर कब्जा किया है।